दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 77 | सीकर, गुरूवार 14 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## दस्तवेजों के अभाव में दो मासूमों को नहीं मिल रही टीबी की दवा

### बच्चों के माता-पिता-भाई की टीबी से मौत

### अब रिश्तेदार बच्चों के दस्तावेज बनाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ के निकटवर्ती गांव बडाबर में दो बच्चों की काफी दयनीय स्थिति है लेकिन फिर भी प्रशासन की कोई मदद इन बच्चों तक नहीं पहुंच रही। दरअसल ढाई वर्ष के मुकेश, 8 वर्षीय माया नायक के माता-पिता दोनों की टीबी नामक बीमारी से मृत्यु हो चुकी है। साथ ही उनके एक भाई विनोद की भी टीबी से मृत्यु हो चुकी है। वर्तमान में दोनों बच्चे टीबी से ग्रसित हैं लेकिन इनको किसी भी प्रकार की सरकारी दवाइयां नहीं मिल रही है। बच्चों का लालन-पालन कर रही रिश्तेदार भंवरी देवी ने बताया कि बच्चों के माता-पिता की मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। साथ ही इनके आधार कार्ड, जन आधार कार्ड नहीं बन रहे हैं जिसके चलते न तो इन बच्चों की सरकारी अस्पताल में पर्ची कटती है और न ही ही इनको दवाई दी जाती है और न ही शाला में एडमिशन होता है। दूसरी ओर टीबी से ग्रसित दोनों बच्चों की सुध लेने पहुंची सामाजिक कार्यकर्ता अमृता चैधरी ने प्रशासन से मांग की है कि इन दोनों बच्चों के समस्त दस्तावेज बनाकर इनको समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जावे तथा इन बच्चों के पिता के नाम जो भी खेत जमीन थी, उसे इन बच्चों के नाम की जावे क्योंकि कुछ लोगों जमीन पर बुरी नजर है। वहीं भंवरी देवी ने बताया कि मेरे पति खुद बरसों से बीमार पड़े हैं इसलिए परिवार को खाने तक के लाले पड़ रहे हैं। भंवरी देवी ने बताया कि बच्चों के दस्तावेज नहीं बनने के कारण हर स्तर पर उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में एडीएम व एसडीएम को मामले से अवगत करवाया गया था। सामाजिक कार्यकर्ता अमृता चौधरी ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस प्रकार की दयनीय स्थिति वाले बच्चों के घर पर जाकर अधिकारियों को सुनवाई करते हुए सारी राहत प्रदान करनी चाहिए क्योंकि अगर इन बच्चों को टीबी की नि:शुल्क दवा नहीं मिली तो इन बच्चों को भी टीबी नामक बीमारी मौत के मुंह तक ले जा सकती है। सरकार ने चाहे जितने भी कार्यक्रम चला रखे हैं लेकिन अगर दस्तावेजों के अभाव में कोई दर-दर भटकने को मजबूर हो जाये और दवा तक नहीं मिले, इससे ज्यादा विडम्बना की कोई बात नहीं सकती। भंवरी देवी ने बताया कि मुकेश व माया की माता चैनकी, पिता हड़मानाराम, बच्चों के भाई विनोद कुमार की टीबी से मौत हो चुकी है। ऐसे में इन बच्चों को जब खांसी आती है तो काफी डर लगता है। गांव के लोग भी मदद करते हैं लेकिन सरकार की पालनहार जैसी योजनाओं की जरूरत इस प्रकार के बच्चों को होती है। दु:ख की बात ये है कि इतने सारे विभाग सरकार के जन कल्याण के लिए बने हुए हैं लेकिन एक विभाग भी घर आकर इन बच्चों की मदद नहीं कर पाया।

## कोर्ट आदेश के बाद प्रशासन ने हटाई खेल स्टेडियम की चार दीवारी

### पूर्व चिकित्सा मंत्री सहित सैंकड़ों लोगों ने दी लोकतांत्रिक गिरफ्तारियां



निसं



**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** ग्राम परसरामपुरा स्थित राजीव गाँधी खेल स्टेडियम की चार दीवारी जिसको नदी के बहाव क्षेत्र में मानते हुए नयायालय के आदेशानुसार बुधवार को धराशाही कर दिया गया। गौरतलब है कि परसरामपूरा स्थित राजीव गाँधी खेल स्टेडियम की नीव तत्कालीन विधायक डॉ राजकुमार शर्मा व झुन्झुनू जिला कलेक्टर उमरदीन खान के कर कमलों से रखी गयी थी। स्टेडियम के पूरे होने के बाद यह जिला मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयन्ती स्टेडियम के बाद जिले का दूसरा सबसे बड़ा आधुनिक स्टेडियम बनता जिसमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होते इसमें एक डिफेन्स एकेडमी का भवन भी बना हुआ है जिसमें बेडमिंटन, टेबिल टेनिस जैसे इनडोर खेल खेले जाते। अब खेल मैदान टूटने के बाद बिल्डिंग का कोई आधार ही नहीं रहा। ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र के युवाओं का सपना था की वे इसमें खेल कर देश का नाम रोशन करेंगे।

### पांच जेसीबी, टेक्टर ट्राली, फायर ब्रिगेड सहित सैकड़ों गाड़ियों का रहा जाब्ता

परसरामपुरा में सुबह 6 बजे से ही अधिकारियो का आना शुरू हो गया था जो की सात बजे तक पूरा जाब्ता पहुँच चुका था। जिसमें नवलगढ़, उदयपुरवाटी, गुढा तहसीलदार, नवलगढ़ एसडीएम कुलदीप सिंह शेखावत, तहसीलदार सीताराम कुमावत, डीवाईएसपी महावीर सिंह शेखावत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय आर्य, नवलगढ़ उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह राजावत, नवलगढ़ सीआई अजय सिंह शेखावत सहित पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, गोठड़ा, नवलगढ़, उदयपुरवाटी, गुढ़ा पुलिस थाना, आरएसी बटालियन के जवान, पांच जेसीबी, ट्रेक्टर ट्राली सहित पानी की बोछार करने वाली दो गाड़िया, पुलिस वैन, फायर ब्रिगेड सहित सैंकड़ों गाड़ियों का काफिला मौजूद रहा। स्टेडियम को तोड़ने की कार्रवाई सुबह सात बजकर पांच मिनट पर शुरू की गई जो की सवा 10 बजे तक अनवरत जारी रही।

### सैंकड़ों लोगों ने दी लोकतांत्रिक गिरफ्तारियां

प्रशासन ज्यो ही सुबह 6 बजे आना शुरू हुआ की प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ा। जिसमें सबसे पहले पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ राजपाल शर्मा, करनीराम, पूर्व चेयरमैन रिछपाल सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सैनी, सुभीता सीगड़, रामनिवास शास्त्री, अनिल शर्मा, लोकेश जांगीड़, मौना राठौड़, अनौखा सैनी, अदनान खत्री, प्रदीप शर्मा, सुरेश नेहरा, आरिफचौहान, मुकेश रणवा, धर्मेंद्र पारीक सहित दर्जनों लोगों ने लोकतांत्रिक गिरफ्तारी दी। जबकि डॉ राजकुमार शर्मा के पिता 80 वर्षीय रामनिवास शास्त्री स्वेच्छा से हिरासत में जा रहे थे तो उनको पुलिस वेन में नहीं ले जाकर 108 एम्बुलेंस की सहायता से ले जाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका

### सबरीमाला केस में कहा- हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना जरूरी नहीं, घर में दीया जलाना भी काफी

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या खास पूजा-पाठ जरूरी नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि घर में दीया जलाना भी आस्था दिखाने के लिए पर्याप्त है। कोर्ट ने कहा कि संविधानिक लोकतंत्र में बहुमत की इच्छा संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई धार्मिक प्रथा 'पब्लिक ऑर्डर, मोरैलिटी या हेल्थ' के खिलाफ जाती है, तो अदालतें उसमें दखल दे सकती हैं। यह टिप्पणी चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ ने की। बेंच धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव, सबरीमाला मंदिर और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े धार्मिक स्वतंत्रता मामलों पर सुनवाई कर रही है। बुधवार को सुनवाई का यह 15वां दिन है।



### समाज में सुधार संसद के जरिए होता है

बेंच में जस्टिस बी वी नागरत्ना, एम एम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि धार्मिक मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और ऐसे मुद्दों को विधायिका पर छोड़ देना चाहिए।

## विज्ञान वर्ग में डूडी ने 95.20% अंक प्राप्त कर किया स्कूल टॉप

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली, द्वारा घोषित उच्च माध्यमिक परीक्षा परिणाम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। स्कूल टॉपर दिशा डुडी पुत्री राकेश कुमार ने 95.20 प्रतिशत अंक व निखिल सोमरा 94.40, पियूष बोला 92.40, पल्लवी 92.20, अविशा चौधरी 91.20, अंजली कुमारी 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संरक्षिका विनोद ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंजी. ढूकिया ने विद्यार्थियो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होने विद्यार्थियों को जीवन में सही मार्गदर्शन की दिशा में चलने का आह्वान किया। मेधावी छात्रा दिशा डुडी ने अपनी सफलता का श्रेय विधालय प्रबंधन, शिक्षकगण, माता-पिता को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षकगण की कठोर मेहनत व मार्गदर्शन का प्रमाण है। छात्रा भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। सहायक अभियंता ज्योति ढूकिया, प्रधानाचार्य निधि सिहाग व शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी स्टाफसदस्य मौजूद रहें।

### कोबरी-सार




## डाइट में हुआ वार्षिक शोध पत्रिकाओं का विमोचन समारोह



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान झुन्झुनू परिसर में वर्ष पर्यंत किए गए विविध शोध कार्यों की पुस्तकों, वार्षिक पत्रिका एवं ई-पत्रिका का विमोचन समारोह प्रधानाचार्या सुमित्रा झाझड़िया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा में नवाचार, शोध संस्कृति एवं 21वीं सदी के कौशलों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक राजेश मील, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव, पिरामल विद्यालय की प्रधानाचार्य सोफिया एवं राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट प्रधानाचार्या सुमित्रा झाझड़िया ने की। प्रधानाचार्या सुमित्रा झाझड़िया ने बताया की प्रभागाध्यक्ष डॉ राजबाला ढाका के निर्देशन में वर्ष पर्यंत जिले के विविध शोध विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा लिखित विषय यथा नई शिक्षा नीति - 2020, एफएलएन, इस्टीम शिक्षा में बालिकाओं की सहभागिता, संवाद कौशल, करुणाभाव, शारीरिक स्वच्छता, साक्षरता, विद्यालयों में आपदा प्रबंधन, खेल एवं योग आधारित शिक्षण जैसे विविध विषयों पर आधारित शोध कार्यों एवं पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। साथ ही वार्षिक पत्रिका एवं ई-पत्रिका में प्रकाशित नवाचारों, विचार लेखों एवं शैक्षिक हस्तक्षेपों को भी साझा किया गया। इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आधारभूत जानकारी, प्रशिक्षण एवं मॉड्यूल की विस्तृत प्रस्तुति पीपीटी के माध्यम से दी गई। प्रशिक्षण सत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के शैक्षिक उपयोग, भविष्य की संभावनाओं तथा विद्यालयी शिक्षा में उसके प्रभावी प्रयोग पर चर्चा की गई।

## एस एस मोदी का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा घोषित बारहवीं के परीक्षा परिणाम 2026 में झुंझुनू के एस एस मोदी विद्या विहार ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए शहर में अपना वर्चस्व कायम रखा है। विद्यालय के तीनों वर्गों विज्ञान, वाणिज्य व कला वर्ग का शानदार परिणाम रहा है। अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल, प्राचार्य विजय मसीह, जितेन्द्र दाधीच, अनिल शर्मा, संजय चाहर, अर्चना शर्मा, बिनेश शेखावत, सुनिल पारीक, शुभम शर्मा, विशाल गोयनका, मनोज सूनिया, मनोज कुमार शर्मा, मुकेश वर्मा, विवेक शर्मा, कोशिक कोनार, गोपाल जांगिड़ ने उत्कृष्ट परिणाम देने वाले सभी विद्यार्थियों व अभिभावकों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया। अव्वल परिणाम को देखकर विद्यालय के प्रबन्ध, स्टाफ, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने अपने विषयों में कुल 80 प्रतिशत विशेष योग्यता हासिल की। जिसमें रसायन विज्ञान में खुशी ने, संगीत में कनिष्का ने और पैंटिंग में दिशिका खंडेलिया, सिया चैधरी, ध्रुवांशु इंदोरिया, लेविस बड़सरा, विधि सहित सात विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर श्रेष्ठतम विद्यार्थियों में स्थान बनाया है। कक्षा बारहवीं के 38 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को हमेशा की तरह गौरवान्वित किया हैं। विद्यालय में ध्रुवांशु इंदोरिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर बना। मनन रानासरिया ने 97 प्रतिशत, सिया चौधरी, सानवी सिंह ने 96.6, लेविस बड़सरा, विराट शर्मा, अंशुल चैधरी ने 96 प्रतिशत, खुशी, काजल जांगिड़, हर्षित शाह ने 95 प्रतिशत, विधि, पलक सैनी ने 94 प्रतिशत, वंशप्रिया सैनी, मान्या सिंह ने 93 प्रतिशत, नव्य डुडी, मोहित स्वामी, खुशाल, संजय जांगिड़, अनुज, जय नंदिनी ने 92 प्रतिशत, कनिष्का व दृष्टि गढ़वाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया हैं। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 2026 को देखकर विद्यालय में जश्न का माहौल बना हुआ है। बच्चों ने बेहतर परिणाम देकर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम देने पर शहर के सभी गणमान्य विभुतियों के साथ-साथ विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी, विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने सभी को बहुत-बहुत बधाई दी। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अध्यापकगण व बड़ों के आशीर्वाद को दिया है।

॥ शोक संदेश ॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
संदीप जानू (बहादुरवास)
का आकस्मिक देहावसान हो गया है।
जिनकी सात दिवसीय शोक बैठक दिनांक 17.05.2026 तक हमारे निज निवास मं. नं. 74A, मान नगर, झुंझुनूं पर रखी गई है।
शोकाकुल : कलिका (धर्मपत्नी), हिमांशु (पुत्र), महाकोरी-रामनिवास जानू (पूर्व सरपंच, ग्रा.पं. बहादुरवास) (माता-पिता), सुमन-प्रमोद जानू (भाई-भाभी), रिद्धराम, महावीर, रणजीत (चाचा), विजय जानू, अनिल जानू, सुनील जानू, संजीव जानू, प्रदीप जानू, विकास जानू, नवीन जानू (भ्राता), आयुष, प्रियांशु (भतीजे) एवं समस्त जानू परिवार।
निवास : मं. नं. 74A, मान नगर, झुंझुनू मो. : 9414080117

## भारतीय पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शानदार

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** भारतीय पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष कक्षा 12वीं सीबीएसई के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विद्यालय के कुल 21 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 67 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की है। शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से उत्कृष्टता की मिसाल बन चुका भारतीय स्कूल एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराने में सफल रहा है। विद्यालय के टॉपर्स में प्रियांशु ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं युवराज, तनिषा एवं ईशिका ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर भारतीय एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमेन डॉ. शीशराम रणवां, निदेशक राजेन्द्र ढाका एवं प्रधानाचार्य रीटा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की इस सफलता का श्रेय उनके कठोर परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## केवी स्कूल का 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी होने पर केंद्रीय विद्यालय स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय प्राचार्य केएल मीना ने बताया कि छात्र.छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में मंजीत सिंह सोमरा ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अविनाश चंदना ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा भव्या सिंह ने 87.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा शौर्य बलोदा ने 86.8 प्रतिशत एवं रोशनी सैनी ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों की समर्पित शिक्षण शैली का परिणाम है। उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## प्लास्टिक पाउडर से भरा कैंटेनर पलटा, बड़ा हादसा टला



निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** मंगलवार रात कस्बे के काजड़ा चुंगी पर प्लाष्टिक पाउडर के कट्टों से भरा कैंटेनर पलट गया गनीमत रही रात का समय होने से बड़ा हादसा टल गया कोई जनहानी नहीं हुई। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात करीब दो बजे चिड़ाव की तरफ से आ रहा एक हरियाणा नम्बरों का कैंटेनर जिसमें प्लाष्टिक पाउडर के कट्टे भरे थे काजड़ा चुंगी पर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे चुंगी पर दुकान के आगे लगा टीन सैड व उसके आगे खड़ी रेहड़ी एकदम से क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली निवासी गाड़ी मालिक ने बताया की गाड़ी एमपी का रहने वाला बलबीर चला रहा था रात में अचानक सड़क पर आवारा पशु आने से गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गाड़ी पलटने से कट्टे चारों तरफ बिखर गए जिससे काजड़ा को जाने वाली सड़क एकदम से अवरूद्ध हो गई। गाड़ी मालिक ने बताया कि चालक बलबीर गुजरात से माल भरके गुड़गांव जा रहा था।

## तमन्ना मोटर्स बिगोस इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन




निसं

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के घरडु चौराहे पर भाजपा नेता सतीश गजराज द्वारा तमन्ना मोटर्स बिगोस इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में पधारे कंपनी के प्रतिनिधि एरिया मैनेजर संतोष सिंह व अजय सिंह बुडानिया द्वारा आगंतुकों को स्कूटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर शोरूम मालिक सदाकत अली बाबू, तुफैल पठान, प्रदीप डैला, पूर्व सरपंच सत्यवीर सिंह डैला, देवेन्द्र चाहर, जिशान पठान, जुबेर पठान, सुनील कुमार, प्रदीप स्वामी, अमित डांगी, सुधीश मेचू, शमशेर मेचू, विकाश ठोलिया, दिलीप झाझड़िया, धर्मवीर झाझड़िया, अभिषेक, महेश गोदारा, विपिन सिहाग सहित सैंकड़ों की संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## व्यास को मिली पीएचडी की उपाधि

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर की ओर से रोहित व्यास को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। व्यास ने एडवांसमेंट इन परफॉरमेंस बेस्ड प्लास्टिक डिजाइन ऑफ रीनफोर्ड कंक्रीट स्पेशल मोमेंट रेसिस्टिंग फ्रेम विषय पर डॉ. अनूप आई सिकरोल के निर्देशन में किया। व्यास को पीएचडी की उपाधि मिलने पर पिता शंकरलाल व्यास, माता प्रेमलता व्यास, डॉ. शिवांगी बिस्सा, डॉ बिठ्ठल बिस्सा, चंद्रकला, मंजू देवी, विष्णु नारायण बिस्सा, जयनारायण बिस्सा, एड कृष्ण मुरारी व्यास, संतोष पुरोहित, एड आनंद व्यास, डॉ. प्रेरणा व्यास, प्रेमलता व्यास, प्रभा बिस्सा, डॉ अपूर्वा बिस्सा, एड आकांक्षा बिस्सा, हर्षित बिस्सा, देवांश व्यास, जयंत व्यास ने खुशी का इजहार किया है।

# स्वास्थ्य कर्मी शिक्षण संस्थाओं में जाकर विद्यार्थियों को दे रहे हैं मिशन मधुहारी की जानकारी

सपना शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** राजस्थान सरकार की ओर से मिशन मधुहारी के तहत राज्य के सभी जिलों में टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक स्थापित संचालित किए जा रहे हैं। इस पहल के तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को इन क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित बच्चों की नि:शुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त इन क्लीनिक में टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित लोगों को नि:शुल्क ग्लूकोमीटर, ग्लूकोस्ट्रिप्स, रेगुलर इंसुलिन एवं ग्लार्जिन इंसुलिन भी उपलब्ध करवााए जा रहे हैं ताकि वे घर पर नियमित रूप से अपनी ब्लड शुगर की जांच कर सकें और उपचार जारी रख सकें।

शिक्षण संस्थाओं में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जाकर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी दी जा रही है, ताकि टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चे सरकारी अस्पताल में जाकर नि:शुल्क चिकित्सकीय सेवाएं व सुविधाएं ले सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर इंसुलिन बनाना बंद कर देता है, जिसके कारण नियमित इंसुलिन उपचार जीवन के लिए आवश्यक हो जाता है। समय पर पहचान और निरंतर उपचार के माध्यम से इस बीमारी को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है, जिससे बच्चे स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जी सकते हैं। यह बीमारी मुख्य रूप से बच्चों, किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करती है, हालांकि यह किसी भी उम्र में हो सकती है। जिले में यह सुविधा जिला अस्पताल सीकर, लक्ष्मणगढ़ और नीमकाथाना के चिकित्सालय में संचालित है। मिशन मधुहारी कार्यक्रम का अब उप जिला अस्पतालों (एसडीएच) एवं सैटेलाइट अस्पताल में भी विस्तार किया जाएगा, ताकि समुदायों के नजदीक टाइप-1 डायबिटीज देखभाल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित लोग नियमित रूप से इन क्लीनिक्स में फॉलोअप के लिए आएँ एवं उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ उठाएँ। यह कार्यक्रम न केवल टाइप-1 डायबिटीज से ग्रसित लोगों की निरंतर देखभाल सुनिश्चित करेगा बल्कि डायबिटीज से संबंधित जटिलताओं को रोकने में भी सहायक सिद्ध होगा। जिले में सीकर के श्री कल्याण अस्पताल, लक्ष्मणगढ़ व नीमकाथाना के जिला अस्पताल में यह क्लिनिक मंगलवार और शुक्रवार को क्लिनिक चलती है। इस कार्यक्रम के बारे में बच्चों को जानकारी देने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शिक्षण संस्थाओं में जाकर उनको क्लिनिक पर दी जाने वाली चिकित्सकीय सेवाएं व सुविधाओं के बारे में बताया जा रहा है। जिला लेखा प्रबंधक एनसीडी मुकेश कुमार सैनी ने बुधवार को फतेहपुर ब्लॉक की स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को जानकारी देकर कार्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया।

## एचसीएल के निदेशक खदान बनने पर जीडी गुप्ता का किया सम्मान

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी प्रोजेक्ट के कार्यपालक निदेशक रहे जीडी गुप्ता के हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड एचसीएल के नए निदेशक खदान का पद ग्रहण करने से पूर्व मंगलवार देर शाम केसीसी प्रशासन भवन परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचसीएल के नवनियुक्त निदेशक खदान जीडी गुप्ता थे, जबकि अध्यक्षता केसीसी महाप्रबंधक पीडी बोहरा ने की। समारोह के दौरान गुप्ता का साफा व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। जीडी गुप्ता ने कहा कि खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि कोलिहान खदान में हुए हादसे जैसी चुनौतियों के बावजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के सहयोग से पुन: उत्पादन शुरू कराया गया, जो टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी तरह सभी का सहयोग मिलता रहा तो केसीसी इकाई भविष्य में अपने उत्पादन एवं विकास के लक्ष्यों को हासिल करेगी। उन्होंने केसीसी प्रोजेक्ट के विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। पीडी बोहरा ने कहा कि जीडी गुप्ता के नेतृत्व में केसीसी इकाई नई उपलब्धियां हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि खेतड़ी एवं कोलिहान खदान पर पूरे क्षेत्र को गर्व है और सभी अधिकारी-कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि गुप्ता के अनुभव का लाभ निश्चित रूप से एचसीएल एवं केसीसी परियोजना को मिलेगा। कार्यक्रम में केसीसी महाप्रबंधक मानव संसाधन एस शिवदर्शी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान केसीसी महाप्रबंधक वीके इंद्रा, सजूसी सेम, मनीष गई, एस. गुहा, मयूख चटर्जी, संजीव कुमार, विपिन शर्मा, केसीएसएस महामंत्री बिडदुराम सैनी, केसीएमएस महामंत्री श्यामलाल सैनी, ऑफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना, एके शर्मा, डॉ. गोपाल राठी, भूपेश बंभोरिया, मुन्नालाल जैदिया, राजा आशीष, नागेश राजपुरोहित, अभिषेक पारीक, हसरत हुसैन सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## समर्पण दिवस मनाया



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी के सुभाष मार्केट स्थित जैन मंदिर में बुधवार को संत निरंकारी मंडल शाखा कॉपर के तत्वावधान में निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस समागम का आयोजन किया गया। समागम में दांता से पधारे महात्मा भंवरलाल ने प्रवचन देते हुए कहा कि बाबा हरदेव सिंह महाराज ने पूरी मानवता को प्रेम, भाईचारे, करुणा और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य मानव सेवा और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना है। जब व्यक्ति अहंकार छोड़कर समर्पण भाव से कार्य करता है, तभी जीवन सार्थक बनता है। उन्होंने कहा कि संत महापुरुष हमेशा मानवता को जोड़ने का कार्य करते हैं तथा समाज में प्रेम और शांति का संदेश फैलाते हैं। वर्तमान समय में बाबा हरदेव सिंह महाराज के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में सौहार्द और एकता को मजबूत किया जा सकता है। कार्यक्रम आयोजक घनश्यामदास ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 13 मई को समर्पण दिवस बाबा हरदेव सिंह महाराज की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिवस उनके प्रेम, करुणा, सेवा और मानव कल्याण के आदर्शों को समर्पित है। समागम के अंत में श्रद्धालुओं ने मानव सेवा और समाज कल्याण के कार्यों में सहभागी बनने का संकल्प लिया।

सत्संग के पश्चात लंगर का आयोजन किया गया। संचालन राजपाल यादव ने किया। इस मौके पर विमला, कृष्णा, कविता, रूचिका, तमन्ना, अनुप, रामरती, माया, अंजना, गीता देवी, प्रेम, निरंजन, जयदीप, किशोर, रधुवीर, हंसराज, सुभाष, सूरज मान, बाबूलाल, सुरेंद्र शर्मा आदि श्रद्धांलूओं ने सत्संग में भाग लिया।

## राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का वार्षिक अधिवेशन आयोजित

निसं



**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** राउमावि में बुधवार को राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा खेतड़ी का वार्षिक अधिवेशन समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार जांगिड़ ने की। अधिवेशन में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए, आरजीएचएस योजना को सुचारू रूप से जारी रखने की मांग भी उठाई। निर्वाचन अधिकारी ब्रह्मानंद दौचानिया एवं जिला पर्यवेक्षक थानसिंह सोमरा के नेतृत्व में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बजरंगलाल काजला को 14वीं बार अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी में कृष्ण कुमार जांगिड़ को संरक्षक, राजेंद्र कुमार सभाध्यक्ष, सुमेरसिंह धानिया उपसभाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार ताखर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश कुमारी यादव महिला उपाध्यक्ष, अशोक कुमार यादव मंत्री, निरंजनलाल जांगिड़ संयुक्त मंत्री, संपतराम सैनी कोषाध्यक्ष, दाताराम यादव संघर्ष समिति संयोजक, राजकुमार यादव सह संयोजक, अजय कुमार प्रचार मंत्री, हरीसिंह चौधरी संगठन मंत्री, शीशराम सैनी शाशि प्रतिनिधि, सुरेश कुमार प्रबोधक प्रतिनिधि, ओमप्रकाश सैनी प्राशि प्रतिनिधि, खम्भाराम सैनी माशि प्रतिनिधि एवं सुनीता बलानिया को महिला प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला पर्यवेक्षक थानसिंह सोमरा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## परिंडा बांधने और वितरण कार्यक्रम आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में प्रतिवर्ष की भांति पक्षियों के लिए दाने और पानी की व्यवस्था के क्रम में गांव में परिंडे बांधने का कार्यक्रम होगा। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को पक्षियों के प्रति प्रेम भावना सीखने के लिए शुरू से ही उनकी आदत में शुमार करना बहुत जरूरी है। इसी कड़ी में विद्यालय के विद्यार्थियों, ग्रामवासियों एवं बुद्धगिरी मंडी फतेहपुर के महंत दिनेश गिरी और कमल सिखवाल के सानिध्य में शुरुआत कर गांव में 100 परिंडे बांधने का कार्यक्रम है।

## आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ जला

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ क्षेत्र में गत कई दिनों से तेज धूप व गर्मी से आमजन परेशान हो रहा था। वहीं मंगलवार सायं से जनपथ में मौसम ने पलटी मारी। तेज हवा के साथ आसमान में बादल छाए व तेज गर्जना के बोछारे आने से मौसम एक बार सुहाना हुआ। आसमान में तेज गर्जना के साथ ग्राम देराजसर के एक खेत में मंगलवार को गत सायं 7 बजे के लगभग आकाशीय बिजली गिरने से खेजड़ी का पेड़ में आग लगने से जल गया। प्राप्त जानकारी अनुसार देराजसर ग्राम के निवासी भंवरलाल पुत्र दुलाराम जाट ने बताया कि में खेत में ढाणी बैठा था कि गत सायं 7 बजे के लगभग आसमान में तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली उक्त खेजड़ी पेड़ पर गिरने जल गया।

हम चार-पांच लोग आते और पानी रेत डालकर आग पर काबू पाया। वहीं गिरी आकाशीय बिजली से कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं आज बुधवार को दोपहर 3 बजे के लगभग आसमान में बादल छाए व मामुली बरसात व बुंदाबांदी जारी रही।

## पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के सेठ बी आर सेवा समिति की ओर से सैनी समाज संस्था के पूर्व अध्यक्ष स्व. भोजाराम सैनी व नवरंगलाल सैनी की बुधवार को नवल होटल में 5वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्व. सेठ भोजाराम सैनी व स्व. नवरंगलाल सैनी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान वक्ताओं ने स्व. सेठ भोजाराम सैनी व नवरंगलाल सैनी की जीवनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वही पुण्यतिथि के अवसर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 40 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। प्रशस्ति पत्र देकर सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया। सत्यनारायण सैनी ने सभी रक्तदाताओ का आभार जताया। इस दौरान एईएन हरिराम सैनी, रमाकांत पारीक, छोटेलाल सैनी, विजेंद्र सिंह शेखावत, दिनेश भगेरिया, पंचायत समिति सदस्य सुभाष लाम्बा, भारत स्काउट गाइड के पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, सूबेदार विद्याधर, ओमप्रकाश सैनी, लीलाधर सैनी, किशोर सिंह शेखावत, गिरधारीलाल सैनी, पवन कुमार शर्मा, द्वारकाप्रसाद सैनी, दलीप सैनी, राकेश सीगड़, ललित धाबाई, बाबुलाल सैनी, रवि सैनी, सोनू सैनी, प्रभात राजोरिया सहित कई लोग मौजूद रहे।

## 10 दिवसीय एनसीसी शिविर का सफल आयोजन

निसं



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे के आरकेजेके बरासिया पीजी महाविद्यालय में वन. राज. इन्डेप कम्पनी एन.सी.सी. पिलानी के अन्तर्गत आयोजित 10 दिवसीय सीनियर डिवीजन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पिलानी कमांडिग कर्नल हरमिन्द्र सिंह, सुबेदार छत्तरपाल सिंह, महाविद्यालय संयुक्त सचिव जया पाठक एवं प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन हुआ। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ. विजेश कुमार ने बताया कि कैम्प के दौरान कैडेट्स को ड्रील, मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण, फायर सैफ्टी, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, खेलकूद, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिला। शिविर में 217 एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन के कैडेटस ने भाग लिया। शिविर में कर्नल अंकुर द्वारा एन.सी.सी. में कैरियर के अवसर विषय पर विशेष व्याख्यान दिया गया। फायर बिग्रेड व गैस दुर्घटनाओं से बचाव एवं एन.डी.आर.एफ. टीम राजस्थान द्वारा आपदा प्रबन्धन पर विशेष सत्र चलाया गया।

साथ ही सूरजगढ ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमों पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस कैम्प के सफल आयोजन में कम्पनी हवलदार देवीलाल, हवलदार दलीप, सुमेर सिंह, जितेन्द्र सिंह, हवलदार नायक कालू सिंह, नायक महावीर, डॉ. विजेश कुमार, अमित चोटिया, राजपाल खटाना, मनीषा, डॉण् ममता नरूका व सीटीओ सोनिया आदि ने पूरा सहयोग किया।

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों को आज लगाए जाएंगे जीवनरक्षक टीके

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार को मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया जाएगा।

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारियों से बचाव के लिए जीवनरक्षक टीके लगाए जाएंगे और मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि विभाग द्वारा माह के प्रत्येक गुरूवार को एमसीएचएन दिवस पर गर्भवती महिलाओं व धात्री महिलाओं को पोषण व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की जानकारी दी जाती। चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवती महिलाओं की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी और गर्भवती महिला के शरीर में कैल्शियम व खून की कमी नहीं आए, इसके लिए आईएफए, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयां दी जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि गुरूवार को बच्चों को पीलिया, टीबी, हैपेटाइटिस बी, गलघोंटू, काली खांसी, निमोनिया, टिटनेस, मेनिनजाइटिस खसरा और रूबले, रोटा, दस्त आदि रोगों से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे और उनको प्रसवपूर्व देखभाल के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## पांडित्य प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** श्री रतनगढ़ वेद विद्यालय के प्रांगण में अध्यक्ष दिवाकर शास्त्री के सानिध्य में मंचस्थ अतिथियों ने संत श्री शोभानंद महाराज की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वैदिक मंगलाचरण शशिकांत धरेंद्र ने किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथ व संस्कृति के सरंक्षण के लिए पांडित्य प्रशिक्षण शिविर आवश्यक है। उन्होंने पंडित विष्णुदत्त शास्त्री का स्मरण कर उनके कृत्यों को आत्मशात करने पर बल दिया। सारस्वत अतिथि डॉ. रामगोपाल शर्मा ने कहा कि प्राचीन ऋषि मुनियों का ज्ञान बहुत गहरा था। ज्योतिषीय गणना तथा चरक व सुश्रुत संहिता में विवेचित रसोंषधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। पुरोहित ने ज्ञानार्जन की निरंतरता पर बल दिया। कांग्रेस नेता रमेश चंद्र इंदौरिया ने शास्त्री को याद किया व आज के बदलते समय में आदमी कैसे अपना रंग बदलता है पर चिंता व्यक्त की। कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत ने गुरुजी की स्मृतियों का स्मरण किया व शास्त्री पुत्रों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम को जयप्रकाश ताम्रायत, बद्रीप्रसाद बनसिया, विमल पारीक, भागीरथ दाधीच, कृष्ण कुमार राजपुरोहित, अम्बिका प्रसाद हारित, उम्मेद मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अनिल बबेरवाल, वासुदेव चाकलान, भोलाराम धरेन्द्र, रमेश लाटा, नवल महर्षि, नरेश कालरी, बाबूलाल जोशी, महावीर प्रसाद शर्मा, सीताराम धरेंद्र, लीलाधर पारीक, महेश महर्षि सहित अनेक गणमान्य जन व विप्रवटु उपस्थित थे। संचालन सुधाकर शर्मा ने किया।

## भाजपा कार्यालय में हुई जनसुनवाई



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग रखी। इस दौरान पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## बेजुबान पक्षियों के लिए लगाए परिंडे



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** इंडियन शिक्षण संस्थान बड़ाऊ में बुधवार को बढ़ते तापमान को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए 11 परिंड़े लगाए गए। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन सुनील बोहरा ने कहा बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा पुण्य का कार्य है और इसमें आमजन को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस मौके पर सचिव रघुवीर शर्मा, केकेएमएस कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ मुकेश दाधीच, प्रकाश दास स्वामी, संस्कार स्कूल के प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश शर्मा, इंडियन चिल्ड्रन एकेडमी की प्रिंसिपल सुमन शेखावत, अंग्रेजी माध्यम की प्रभारी पूजा सैनी, प्रमोद सुरोलिया, कॉलेज व्याख्याता मंजू शर्मा, दर्शन वर्मा, पूनम जांगिड़, सोनू जांगिड़, मंजू सैनी, प्रमोद सिंह डोगरा, रवि शर्मा, महिपाल सिंह, मुराद खान सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## साक्षरता प्रभारी शिक्षकों की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश




निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक राजकीय उमा विद्यालय देवरोड़ में बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी योगेंद्र सिंह ने की। बैठक में योगेंद्र सिंह ने नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गतिविधियों एवं निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीष्मावकाश अवधि में विशेष अभियान संचालित कर निर्धारित लक्ष्य पूर्ति तथा उल्लास ऐप पर डेटा एंट्री का कार्य चरणबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में साक्षरता प्रभारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता जाताई। इस मौके पर साक्षरता सर्वेयरों एवं साक्षरता प्रभारियों के दायित्वों, कार्यप्रणाली तथा अब तक की उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं वाचनालयों के प्रभावी संचालन, क्रिटिकल कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता तथा कौशल विकास से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर चर्चा करते हुए योजनाओं को प्रभावी एवं समाजोपयोगी बनाने पर बल दिया। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक अरविंद शर्मा ने आभार जताया।

## अपूर्व महर्षि केंद्र सरकार के अधिवक्ता नियुक्त

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग, न्यायिक अनुभाग ने झुंझुनू जिले के मुकुंदगढ़ कस्बे के होनहार युवा अधिवक्ता अपूर्व महर्षि को राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ के समक्ष केंद्रीय सरकार के मुकदमों के संचालन हेतु तीन वर्ष की अवधि के लिए पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर शेखावाटी अंचल में प्रसन्नता की लहर है। अपूर्व महर्षि राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी महर्षि के पुत्र तथा पंडित सत्यनारायण महर्षि के पौत्र हैं। उन्होंने अपने गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। नियुक्ति पर परिवारजनों एवं शुभचिंतको ने बधाई दी।

# पट्टा वितरण कार्यक्रम आयोजित, विधायक मील ने 94 परिवारों को सौंपे पट्टे

निसं




**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस नगरपालिका के तत्वावधान में बुधवार को एक भव्य पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगरपालिका के सामने स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के टीन शेड में आयोजित इस कार्यक्रम में खंडेला विधायक सुभाष मील ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके कर-कमलों द्वारा नगरपालिका क्षेत्र के 94 लोगों को उनके भूखंडों के पट्टे वितरित किए गए। लंबे समय से अपने आशियाने और जमीन के मालिकाना हक का इंतजार कर रहे लोगों के हाथों में जब पट्टे आए तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा और पूरे पंडाल में एक उत्सव सा माहौल बन गया। इस अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष मील ने कहा कि आज का ये विशाल पट्टा वितरण कार्यक्रम वर्तमान भाजपा सरकार के उस संकल्प का द्योतक है कि आमजन को अपने कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और सभी कार्य पूरी सुगमता व पारदर्शिता के साथ पूरे हों। उन्होंने विकास कार्यों का ब्यौरा देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के इस कार्यकाल में रींगस क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने कहा चाहे सालों से लंबित राजकीय महाविद्यालय की सौगात हो, राजकीय चिकित्सालय का क्रमोन्नयन हो, भैरूजी की जोहड़ी का जीर्णोद्धार हो या फिर क्षेत्र में पानी और सड़क से जुड़ी समस्याएं हों- इन सभी पर तेजी से कार्य करवाया जा रहा है और विकास का यह पहिया आगे भी अनवरत घूमता रहेगा। विधायक मील ने क्षेत्र के युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं को आश्वस्त किया कि वे विधानसभा में उनके हकों और अधिकारों की आवाज पूरी मजबूती से उठाते रहेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार आमजन के हर सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए उन्होंने रींगस नगरपालिका प्रशासन की कार्यशैली की जमकर तारीफ की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रशासन और संगठन के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार, तहसीलदार महेश ओला, स्वास्थ्य निरीक्षक मुकेश कुमावत, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष अमित शर्मा, चंद्रशेखर कानूनगो, विष्णु गंगावत, महामंत्री रोशन सितमका, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, आयुष कानूनगो, राकेश शर्मा, अखिलेश भातरा, अशोक कानूनगो, संदीप शर्मा, महेंद्र बधाला, ओम प्रकाश बुड़ी, अरुण बावड़ीका और महेंद्र बावलिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

### यादगार बना पट्टा वितरण

कार्यक्रम के अंत में विधायक सुभाष मील ने सभी 94 पट्टा प्राप्तकर्ताओं के साथ एक ग्रुप फोटो खिंचवाया। पट्टा मिलने की संतुष्टि और खुशी इन सभी लाभार्थियों के चेहरों पर देखते ही बनती थी।

# राजस्थानी भाषा संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा

## शिक्षा में अनिवार्य करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा राजस्थान सरकार को प्रदेश के स्कूलों एवं कॉलेजों में राजस्थानी भाषा की पढ़ाई अनिवार्य रूप से लागू करने हेतु 30 सितंबर तक नीति तैयार करने के निर्देश दिए जाने पर झुंझुनू नागरिक मंच के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ संजय कटेवा के नेतृत्व में मंच के सदस्यों ने मिठाई बांटकर फैसले का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम बताया है।

मंच पदाधिकारियों ने कहा कि इस निर्णय से राजस्थानी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने को नई दिशा मिलेगी। मंच के संयोजक उमाशंकर महमिया ने कहा कि राजस्थानी केवल एक बोली नहीं बल्कि राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, साहित्य, इतिहास और परंपराओं की पहचान है। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों राजस्थानी भाषी लोगों को गौरव और आत्मीयता की अनुभूति होगी। उन्होंने कहा कि झुंझुनू नागरिक मंच समय-समय पर राजस्थानी भाषा को शिक्षा में स्थान दिलाने के समर्थन में आवाज उठाता रहा है तथा विभिन्न सेमिनारों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनजागरण अभियानों के माध्यम से इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया था। उन्होंने कहा कि आधुनिक दौर में नई पीढ़ी की राजस्थानी भाषा के प्रति घटती रुचि चिंता का विषय बनती जा रही थी, जिससे भविष्य में भाषा के अस्तित्व पर संकट की आशंका बढ़ रही थी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय भाषा संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यदि राज्य सरकार प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा स्तर पर राजस्थानी भाषा को प्रभावी रूप से लागू करती है तो इससे विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा, लोक संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान और गर्व की भावना और अधिक मजबूत होगी। झुंझुनू नागरिक मंच के सदस्यों ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार शीघ्र प्रभावी नीति बनाकर राजस्थानी भाषा को शिक्षा व्यवस्था में सम्मानजनक स्थान प्रदान करेगी। इस अवसर पर डॉ उमेश केडिया, डॉ निशांत पुरोहित, डॉ वीरेंद्र झाझड़िया, डॉ रजनेश माथुर, अख्तर अली गहलोत, डॉ शीशराम डुडी, रामगोपाल महमिया, डॉ राखी सैनी, लाल चंद, रवि महरिया सहित अनेक सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया।


## सीबीएसई 12वीं परिणाम में फिर चमका कैम्ब्रिज का नाम

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** कैम्ब्रिज स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के घोषित परिणामों में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया। संस्थान के विद्यार्थियों ने साइंस, कॉमर्स और आट्र्स तीनों संकायों में उत्कृष्ट परिणाम देकर क्षेत्र में शिक्षा के उच्च मानकों को साबित किया है।

संस्थान द्वारा जारी परिणामों के अनुसार इस वर्ष 45 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं जबकि 72 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

संस्थान के मेधावी विद्यार्थियों में भव्य चौधरी ने 94.40 प्रतिशत, कृष्णा स्वामी ने 92.60 प्रतिशत, भूमिका चौधरी ने



92.20 प्रतिशत, आरती जाट ने 91.80 प्रतिशत तथा सोनिया कुमारी ने 90.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, अनुशासित वातावरण, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत प्रमुख कारण रहे हैं। संस्था लगातार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ प्रतियोगी माहौल उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षक डॉ अनमोल का नवाचार, शादी की वर्षगांठ पर बांटे परिंडे




निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पीएमश्री श्रीकृष्ण परिषद् राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को परिंडा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल थे वहीं अध्यक्षता प्रधानाचार्या सुमन वर्मा ने की। विद्यालय के शिक्षक डॉ अनिल शर्मा अनमोल ने अपनी शादी की वर्षगांठ पर बेजुबान पक्षियों को पानी पिलाने के लिए स्कूली बच्चों को परिंडो का वितरण किया। एसएमसी अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल द्वारा विद्यालय की कक्षा 1 से 8 तक की बेटियों को बिस्किट वितरित किए गए। गौरतलब है कि इसी वर्ष मार्च महीने में अनमोल ने अपने जन्मदिन पर शहर में कई जगह परिंडे लगाए थे। इस मौके पर गाइड प्रभारी मनीषा सैनी, लक्ष्मण राम धायल, मनोज कुमारी, कविता कुमारी सहित विद्यालय की बेटियां उपस्थित रही।

# आरपीएससी में रिकॉर्ड बदलने का खेल बेनकाब

## मुख्य आरोपी और आरपीएससी कर्मचारी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़े और रिकॉर्ड से छेड़छाड़ का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने प्राध्यापक इतिहास भर्ती परीक्षा-2022 में डमी अभ्यर्थी बैठाकर नौकरी हासिल करने और बाद में आयोग के रिकॉर्ड में हेरफेर कर सबूत मिटाने की साजिश का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपित राजेश कुमार मीणा निवासी करौली हाल जयपुर और आरपीएससी अजमेर में कार्यरत यूडीसी मानसिंह मीणा निवासी करौली को गिरफ्तार किया है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि अक्टूबर 2022 में आयोजित प्राध्यापक इतिहास भर्ती परीक्षा में आरोपित राजेश कुमार मीणा की तैयारी कमजोर थी। चयन सुनिश्चित करने के लिए उसने अपने परिचित उम्मेद सिंह को लालच देकर अपनी जगह परीक्षा में बैठने के लिए तैयार किया। आरोपित ने कंप्यूटर के माध्यम से प्रवेश पत्र में छेड़छाड़ कर अपनी फोटो हटाकर उम्मेद सिंह की फोटो लगा दी। वहीं जांच में सामने आया कि 17 अक्टूबर 2022 को सामान्य ज्ञान और 18 अक्टूबर 2022 को इतिहास विषय की परीक्षा उम्मेद सिंह ने डमी अभ्यर्थी बनकर दी। परीक्षा के दौरान उपस्थिति पत्रक पर भी उसी ने अपनी फोटो लगाकर राजेश कुमार मीणा के फर्जी हस्ताक्षर किए। इस सुनियोजित फर्जीवाड़े के जरिए आरोपित परीक्षा पास कर प्राध्यापक इतिहास पद पर नियुक्त हो गया। एसओजी जांच में खुलासा हुआ कि नौकरी मिलने के बाद राजेश कुमार मीणा को डर था कि आरपीएससी के रिकॉर्ड में मौजूद उपस्थिति पत्रक और फोटो से कभी भी उसका भंडाफोड़ हो सकता है। इसी कारण उसने आयोग के रिकॉर्ड में बदलाव करवाने की साजिश रची। इस दौरान उसका संपर्क आरपीएससी के यूडीसी मानसिंह मीणा से हुआ। जहां आरोपित मानसिंह मीणा ने मूल रिकॉर्ड से डमी अभ्यर्थी की फोटो हटाकर राजेश की असली फोटो लगाने के बदले 8 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसमें से 2 लाख रुपए आरोपित द्वारा अग्रिम राशि के रूप में दिए भी जा चुके थे। शिकायत मिलने पर एसओजी थाना में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले में एसओजी पहले ही डमी अभ्यर्थी उम्मेद सिंह और उसके सहयोगी रमेश विश्नोई उर्फ ढाका को गिरफ्तार कर चुकी है। मुकदमा



दर्ज होने के बाद मुख्य आरोपित राजेश कुमार मीणा फरार चल रहा था, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत ने उसे 18 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। वहीं आरपीएससी यूडीसी मानसिंह मीणा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित राजेश कुमार मीणा वर्तमान में निलंबित प्राध्यापक है और उदयपुर जिले के अमरपुरा जागीर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत था। एसओजी अब मामले में अन्य संभावित संलिप्त लोगों और नेटवर्क की गहन जांच कर रही है।

# सरकारी स्कूलों की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पीसीबी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर परीक्षा 2025-26 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले ब्लॉक के विद्यार्थियों का सम्मान सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, भामाशाह प्रतिनिधि सहायक वन संरक्षक तालछापर क्रांति सिंह, सुनीता पूनिया ने किया। इस दौरान सीडीईओ महर्षि ने कहा कि जिला कलेक्टर की मंशा के अनुसार सरकारी स्कूलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चूरू जिले में अभी तक पांच ब्लॉकों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। विशेष वक्ता के रूप में बोलते हुए बजरंगलाल ने बच्चों से कहा कि वे सही दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

उन्होंने पुरानी स्कूली शिक्षा के रोचक किस्से भी सुनाए। समारोह में ब्लॉक के 98 बच्चों को सम्मानित किया गया। हैरानी की बात यह रही कि इनमें 87 लड़कियां थी। इसी प्रकार 39 संस्था प्रधानों को भी सम्मानित किया गया। हनुमानमल रणजीत सिंह भींचर के सहयोग से आयोजित समारोह में एसीबीईओ मंजू पंवार, आरपी कुमार भारती, अमरनाथ शर्मा, नरेन्द्र स्वामी, रणवीर सिंह, कमल किशोर स्वामी, रतनलाल मेघवाल, मनोज शर्मा, रामावतार शर्मा, शिवपाल सिंह, धर्मसिंह मीणा, रामेश्वरलाल खीचड़, मनोहर सिंह शेखावत, गोरधन जानू, लालचंद कौशल्या गुलेरिया, सेवानिवृत व्याख्याता स्नेहप्रभा मिश्रा, कमला शर्मा, कमल कुमार जाखड़, अब्दुल सत्तार, अभिषेक चौधरी, पुष्पेंद्र भाटी, अशोक कुमार, मोहिनी, नोपाराम मंडा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभाली। सेवानिवृत प्रयोगशाला सहायक रामकरण सियाग ने 51 हजार रुपये विद्यालय को सहयोग राशि प्रदान किए। पीसीबी विद्यालय की छात्रा सुचित्रा सेन कक्षा 12 वाणिज्य ने राजस्थान स्तर पर आयोजित पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दो बार सिल्वर मेडल प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## शर्मा एज्यूकेशन हब का हुआ उद्घाटन

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के वार्ड 8 में बुधवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई शुरुआत हुई। तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया और चूरू लोकसभा सांसद राहुल कस्वां ने वार्ड 8 में नवस्थापित शर्मा एज्यूकेशन हब (लाइब्रेरी) का फीता काटकर उद्घाटन किया। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस लाइब्रेरी के खुलने से मोहल्ले के छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। लाइब्रेरी के संचालक कपिल शर्मा व कुरड़ाराम शर्मा ने उद्घाटन समारोह में पधारे सभी अतिथियों का आभार जताया। विधायक बुडानिया ने कहा अब वार्ड 8 के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। एसी, वाई-फाई, 2000 प्लस किताबों वाली इस लाइब्रेरी से गरीब घर के बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर, आरएएस, पटवारी बनने का सपना पूरा कर सकेंगे। सांसद राहुल कस्वां ने कहा प्रधानमंत्री के विकसित भारत का रास्ता ऐसी लाइब्रेरी से होकर जाता है। यहां 24 गुणा 7 पढ़ाई का माहौल मिलेगा। युवाओं से अपील



है कि मोबाइल छोड़कर किताबों से दोस्ती करें। लाइब्रेरी संचालक कपिल शर्मा व कुरड़ाराम शर्मा ने बताया कि यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, एनसीईआरटी डिजिटल स्टडी जोन, कंप्यूटर, हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को फीस में विशेष छूट दी जाएगी। इस मौके पर पूर्व पार्षद देवीदत्त वर्मा, हरिसिंह बेनीवाल, मानसिंह सैनी, मोहरसिंह ज्याणी, बाबू हुसैन कुरैशी, कुंदन सैनी, यूनुस पठान, एडवोकेट अनिल स्वामी, योगेश वर्मा, सुनील शर्मा, विजय सोनी, मनीराम रैगर, कुलदीप शर्मा, ईश्वर शर्मा, आदिल खोखर, वीरेंद्र राठौड़, सुभाष शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र और अभिभावक मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# परीक्षार्थियों से खिलवाड़




मेडिकल कालेजों में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के प्रश्नपत्र लीक होने से पूरी परीक्षा रद करने की मजबूरी जितनी शर्मनाक है, उतनी ही चिंताजनक। यह परीक्षा इसलिए रद करनी पड़ी, क्योंकि राजस्थान पुलिस को कुछ छात्रों के पास से ऐसे गेस पेपर मिले, जिनके 410 प्रश्नों में से 140 से अधिक परीक्षा के मूल प्रश्नों से हूबहू मिल रहे थे। साफ है कि परीक्षाओं में सेंध लगाने वालों ने परीक्षा के पहले ही कहीं से प्रश्नपत्र हासिल कर लिए। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि मामले की जांच सीबीआइ को सौंप दी गई और शीघ्र ही नीट का दोबारा आयोजन किया जाएगा, क्योंकि 22 लाख से अधिक छात्रों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ेगी।

इतनी बड़ी परीक्षा फिर से कराने का मतलब है छात्रों के साथ सरकार के समय और संसाधन की बर्बादी। छात्रों को मानसिक रूप से जो परेशानी उठानी पड़ी, उसकी तो क्षतिपूर्ति करना ही कठिन है। इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जिस नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए का गठन ही इसलिए हुआ था कि प्रतियोगी परीक्षाएं नीर-क्षीर ढंग से हों, वह अपने उद्देश्य में नाकाम सिद्ध हो रही है। नीट में गड़बड़ी और अव्यवस्था के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

गत वर्षों में कई बार इस परीक्षा में सेंध लगने के आरोप लगे और दो वर्ष पहले तो इन आरोपों ने इतना तूल पकड़ा कि एनटीए को कुछ केंद्रों की परीक्षा रद करके दोबारा करानी पड़ी थी। अतीत में एनटीए की ओर से आयोजित की जाने वाली कुछ और परीक्षाओं में भी गड़बड़ियां हो चुकी हैं या फिर धांधली की आशंका के चलते उन्हें टालना पड़ा है। स्पष्ट है कि यह एजेंसी कसौटी पर खरी नहीं उतर पा रही है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को इसकी तह तक जाना होगा कि ऐसा क्यों है? उसे इसका आभास होना चाहिए कि एनटीए के साथ उसकी साख पर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर इंटरनेट और कंप्यूटर के इस युग में किसी परीक्षा के प्रश्नपत्र मुद्रित कर उन्हें देश भर के सैकड़ों केंद्रों में भेजने की पुराने जमाने की प्रक्रिया क्यों जारी है? इस प्रक्रिया में तो कहीं पर भी सेंध लग सकती है? यह समझना भी कठिन है कि जिस परीक्षा में लाखों छात्र बैठते हों, उसके प्रश्नपत्र के कई सेट क्यों नहीं तैयार किए जाते, ताकि यदि कभी कहीं प्रश्नपत्र लीक भी हो जाएं तो पूरी परीक्षा न रद करनी पड़े।

एनटीए का काम इसलिए संतोषजनक नहीं, क्योंकि वह पुराने तौर-तरीकों से काम कर रही है और अपने तंत्र को इसके लिए प्रेरित नहीं कर पा रही कि वह विश्व की प्रतिष्ठित और भरोसेमंद परीक्षाओं से कोई सीख ले। दुर्भाग्य से यही स्थिति प्रतियोगी परीक्षाएं कराने वाली अन्य संस्थाओं की भी है। इसी कारण प्रश्नपत्र लीक होने का सिलसिला कायम है।

## विशेष आलेख

# प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर राजनीति कितनी जायज



भारतीय परंपरा में आभूषणों को सिर्फ पहनने या सौंदर्य बढ़ाने के लिए ही इस्तेमाल नहीं किया जाता रहा है। भारतीय परिवारों के लिए सोना-चांदी आदि के गहने बुरे वक्त के लिए एक तरह से संचित निधि की भूमिका निभाते रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय परिवार शादी-विवाह के मौके पर सोने-चांदी के गहने खरीदने में दिलचस्पी दिखाते रहे हैं। भारतीय गृहिणियों की कमजोरी और सौंदर्य का जरिया रहा यह सोना भी विवादों में आ गया है। इसकी वजह है, प्रधानमंत्री मोदी की अपील, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल तक के लिए सोने की गैरजरूरी खरीद को टालने की अपील की है। प्रधानमंत्री की इस अपील के अपने मायने हैं और जरूरत भी। अव्वल तो इस पर विपक्षी दलों का सहयोग मिलना चाहिए था, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मसले पर सरकार को घेरने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि सरकार चलाने में नाकामी के चलते प्रधानमंत्री लोगों से यह खरीदो और यह ना खरीदो की अपील कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री के बयान के पीछे 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद उपजे हालात हैं। दरअसल पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर संकट उठ खड़ा हुआ है। चूंकि होमुर्ज जलडमरू मध्य पर ईरान का कब्जा है और अमेरिकी हमले के विरोध में उसने इसके जरिए सहज तरीके से आवाजाही पर रोक लगा रखी है, इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है। इसकी वजह से जहां पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति महंगी हुई है, वहीं सोने की वैश्विक स्तर पर कीमतें लगातार बढ़ने से उसका भी आयात महंगा हुआ है। देश ही नहीं, आज पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा जरिया पेट्रोलियम पदार्थ ही हैं। इसके अलावा रासायनिक खादों बनाने के लिए भी पेट्रोलियम पदर्थों को ही कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। वैश्विक सप्लाई कमजोर होने के चलते इन सबके आयात पर होने वाले भारी खर्च के चलते भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इन दिनों लगातार कम होता जा रहा है। प्रधानमंत्री की अपील इसी भंडार को बचाने के लिए भारत में सबसे ज्यादा आयात खर्च पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तेल, सोना और रासायनिक उर्वरकों का है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश ने वित्त वर्ष 2025-26 में इन्हीं चार वस्तुओं के आयात पर करीब 240 अरब डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 20 लाख करोड़ से अधिक का खर्च किया है। जो देश के कुल आयात बिल का करीब एक तिहाई है। इसका असर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहा है। जो लगातार कम होता जा रहा है। एक मई को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.7 अरब डॉलर से घटकर महज 690 अरब अमरीकी डॉलर रह गया। भारतीय रिज़र्व बैंक के मुताबिक, देश के स्वर्ण भंडार में भी कमी आई, जो पांच अरब डॉलर घटकर 115 अरब डॉलर हो गया। भारत की निधियों के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां भी इस सप्ताह में 2.7 अरब डॉलर घटकर 551 अरब डॉलर ही रह गई। इसी तरह देश का विशेष यानी ट्राजेक्शन अधिकार भी करीब 1.5 अरब डॉलर बढ़कर 18.78 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत जो आरक्षित आर्थिक भंडार है, उसमें भी गिरावट देखी गई, जो अस्सी लाख डॉलर बढ़कर 4.86 अरब डॉलर हो गई। वैसे तो वैश्विक संकट के चलते दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खा रही हैं। भारत भी उसी में समाहित है। इसी से बचने के लिए प्रधानमंत्री ने एक तरह से मितव्ययिता और खर्च घटाने की अपील की है। रिजर्व बैंक और कारोबारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा वित्त वर्ष में भारत ने कुल 775 अरब डॉलर का आयात किया। इस आयात में सिर्फ चार प्रमुख वस्तुओं की हिस्सेदारी 240.7 अरब डॉलर रही। इसमें सबसे ज्यादा खर्च कच्चे तेल पर रहा। आंकड़ों के अनुसार, देश ने अकेले क्रूड ऑयल आयात पर ही करीब 134.7 अरब डॉलर खर्च किए हैं। चूंकि पश्चिम एशिया में तनाव की वजह से तेल की कीमतों में भारी उछाल दिख रहा है,।

इसलिए भारत पर यह खर्च बढ़ गया है। अप्रैल में भारत ने औसतन 114.48 डॉलर प्रति बैरल की दर से कच्चे तेल का आयात किया। इन कीमतों की तुलना पिछले साल की कीमतों से करें तो इसमें भारी उछाल दिखता है। पिछले वित्त वर्ष में देश ने औसतन 70.99 डॉलर प्रति बैरल की दर से आयात किया। भारत अपने खर्च के पेट्रोलियम पदार्थों का 88 फीसद हिस्सा आयात करता है। जाहिर है कि इस मद में भारत को हर साल अतिरिक्त आर्थिक दबाव झेलना पड़ता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और कार पूलिंग जैसी योजनाओं को अपनाने की लोगों से अपील की है। भारतीय घरों, विशेषकर गृहिणियों के लिए सोना सबसे बड़ा आकर्षण रहा है। हाल के वर्षों में चूंकि बैंकों में जमा धन पर खास कमाई नहीं हो रही है, उसकी तुलना में सोने में रिटर्न बढ़ रहा है। इस वजह से सोने की मांग में बढ़ोतरी हुई है। मौजूदा वित्त वर्ष में भारत ने दूसरे नंबर पर विदेशी मुद्रा सोने के आयात में ही खर्च की है। मौजूदा वर्ष में सोने का आयात रिकॉर्ड 72 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह बढ़ोतरी पिछले साल की तुलना में करीब 24 प्रतिशत ज्यादा है। जाहिर है कि इस पर भी भारत को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करना पड़ रहा है। चूंकि भारत स्विटजरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, पेरू, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात से सोना आयात करता है। इसलिए यहां विदेशी मुद्रा भारी मात्रा में खर्च करनी पड़ती है। वैसे पिछले साल की तुलना में इस साल करीब 4.7 प्रतिशत कम सोना आयात हुआ है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर बढ़ती इसकी कीमतें हैं। फिर भी सोने के प्रति भारतीयों का मोह कम नहीं हुआ है। इसीलिए प्रधानमंत्री को सोने के गैर जरूरी खरीद को टालने के लिए अपील करनी पड़ी है।

भारत में जितना खाद्य तेल का इस्तेमाल होता है, उसका करीब 57 से 60 प्रतिशत तक का हिस्सा आयात करना पड़ता है। इस मद में भी भारत को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करना पड़ रहा है। मौजूदा वित्त वर्ष में ही अब तक विदेशों से वनस्पति तेलों के आयात पर करीब 19.5 अरब डॉलर खर्च करना पड़ा है। चूंकि लोगों के खानपान पर रोक नहीं लगाई जा सकती, फिर खान-पान में कटौती का कसर राष्टीय स्तर पर कार्यक्षमता में गिरावट के रूप में नजर आ सकता है। जिसका असर उत्पादन पर भी पड़ेगा। इसलिए इस मद में हो रहे खर्च को रोकना आसान नहीं है। इसलिए प्रधानमंत्री ने खाद्य तेलों के खर्च में कटौती की बात सीधे तौर पर तो नहीं की है, लेकिन यह जरूर कहा है कि लोग खाद्य तेलों का सीमित उपयोग करें। इसी तरह रासायनिक उर्वरकों के आयात 77 प्रतिशत बढ़कर 14.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसलिए मोदी ने लोगों किसानों से रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल 50 प्रतिशत तक कम करने की अपील की है। उन्होंने किसानों को डीजल पंप की जगह सोलर पंप अपनाने की सलाह भी दी, ताकि पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता घटाई जा सके।

कारोबारी आंकड़ों के अनुसार सिर्फ इन्हीं चार चीजों का कुल आयात बिल पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस बार बढ़कर 112 अरब डॉलर से 240.7 अरब डॉलर हो गया है। इससे देश के सामने संकट होना स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री की अपील इसी संकट से बचाव का रास्ता है। याद कीजिए, पिछली सदी के साठ के दशक को, जब भारत में अपनी पूरी जनसंख्या को खिलाने भर के लिए अनाज का उत्पादन तक नहीं हो पाता था। तब अमेरिका से गेहूं का आयात करना पड़ता था। अमेरिका इसके एवज में भारत को आंख दिखाता था। इससे बचाव के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश से एक शाम उपवास की अपील की थी। वे खुद भी सोमवार की शाम को उपवास रखते थे। इसके बाद ही उन्होंने कृषि क्रांति का सपना देखा। तब प्रधानमंत्री का लोगों ने साथ दिया था, विपक्षी दल चाहे तब जिस भी स्थिति में रहे हों, उन्होंने भी प्रधानमंत्री पर सवाल नहीं उठाए थे।

## आज का राशिफल

### मेष
कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

### वृष
लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे। ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ेगी।

### मिथुन
तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा। अधिकारी वर्ग में महत्व बढ़ेगा।

### कर्क
अतिथियों का आवागमन होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा।

### सिंह
प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा।

### कन्या
विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा। मन प्रफुल्लित रहेगा।

### तुला
प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

### वृश्चिक
संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है। सुख के साधन जुटेंगे।

### धनु
अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। संतान की प्रगति होगी।

### मकर
यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दु:खद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कुंभ
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। रोमांस में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को शिक्षा में उपलब्धि हासिल होने के योग हैं।

### मीन
सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। भूमि व भवन की योजना बनेगी।

## पर्यटन समाचार

# देश में वीकेंड गेटवे के लिए मशहूर हैं यह डेस्टिनेशन्स

आधुनिक समय में वीकेंड गेटवे ट्रेंडिंग में है। खासकर यूरोप के देशों में यह अधिक पॉपुलर हुआ है। आजकल भारत में भी वीकेंड गेटवे का ट्रेंड महानगरों में है। इसके लिए देश में कई वीकेंड गेटवे डेस्टिनेशन्स हैं। जहां पर्यटक वीकेंड हॉलिडे सेलिब्रेट करने जाते हैं। खासकर लॉन्ग ड्राइव कर इन जगहों पर जाने का मजा ही अलग होता है।



### तमिलनाडु
तमिलनाडु अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। तमिलनाडु में महाबलीपुरम और पुलिकट वीकेंड गेटवे के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन्स हैं। इसके अलावा, पर्यटक केरल भी वीकेंड गेटवे के लिए जाते हैं।

### केरल
केरल अपनी खूबसूरती के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। हनीमून हो या फिर बेबीमून। हर मौसम में पर्यटक केरल की खूबसूरती देखने आते हैं। यहां पर कई दर्शनीय स्थल हैं। इसके लिए बड़ी संख्या में पर्यटक केरल आते हैं।


### पश्चिम बंगाल
बंगाल वीकेंड गेटवे के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। यहां मुर्शिदाबाद और बांकुरा वीकेंड हॉलिडे के लिए बेहतर जगह हैं। कोरोना काल से पहले काफी संख्या में पर्यटक पश्चिम बंगाल आते थे।

### मध्य प्रदेश
मध्य प्रदेश को देश का दिल कहा जाता है। पर्यटकों के लिए मध्य प्रदेश हॉट स्पॉट है। पर्यटक वीकेंड गेटवे के लिए पंचमढ़ी जाते हैं। पंचमढ़ी को सतपुरा पहाड़ियों की रानी से पुकारा जाता है।

### उत्तराखंड
देवों की भूमि उत्तराखंड पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। हर साल काफी संख्या में पर्यटक उत्तराखंड आते हैं। इस राज्य में कई वीकेंड हॉलिडे डेस्टिनेशन्स हैं। जहां पर्यटक वीकेंड गेटवे का लुत्फ़ उठाते हैं। खासकर अल्मोड़ा और मुनस्यारी सबसे खूबसूरत वीकेंड गेटवे हैं।

# हिमाचल प्रदेश पार्वती घाटी में घूमने की हैं कई बेहतरीन जगहें

भारत अपनी भौगोलिक विविधता के लिए जाना जाता है और यही कारण है कि यहां के हर राज्य में आपको प्रकृति का एक अलग सौंदर्य देखने को मिलेगा। ऐसा ही एक स्थान हिमाचल प्रदेश में भी स्थित है। भुंतर से स्पीति तक फैली, पार्वती घाटी हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित है। घाटी के पास घूमने के लिए कई आकर्षक स्थान हैं। रुद्र-नाग, सर्प के आकार का झरना, खिरगंगा के देवदार के जंगल जहाँ भगवान शिव का ध्यान किया जाता है, पांडु पुल का चट्टान का निर्माण और पिन-पार्वती दर्रा कुछ लोकप्रिय पर्यटन आकर्षण हैं। पिन वैली नेशनल पार्क एक अन्य पर्यटक आकर्षण है और यह हिम तेंदुए सहित वन्यजीवों की आबादी के लिए जाना जाता है।



### कसोल
हिमाचल प्रदेश में मिनी इज़राइल के रूप में जाना जाता है, कसोल पार्वती घाटी में एक हिल स्टेशन है। यह कुल्लू से 42 किमी पूर्व में 1640 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। कसोल अपनी सुंदर घाटी, पहाड़ों और महान जलवायु के कारण पूरे वर्ष बैकपैकर्स, ट्रेकर्स और प्रकृति के प्रति उत्साही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां पर मौजूद कैफे और रेस्तरां स्थानीय व्यंजनों के साथ इजरायल के व्यंजन परोसते हैं। कसोल में पार्वती नदी सफेद पानी राफ्टिंग के लिए आदर्श है। कसोल में पूरे साल सुखद मौसम रहता है। कसोल घूमने का सबसे अच्छा समय मार्च से मई तक है।

### रसोल
पार्वती घाटी के लोकप्रिय शहर कसोल से लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित, रशोल या रसोल एक गाँव है जो तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। पार्वती नदी की भीड़ से दूर, रसोल पहाड़ों में ऊंचे स्थान पर स्थित है, जो समुद्र तल से लगभग 3,000 मीटर की ऊंचाई पर है।

### तोश
पार्वती घाटी के दूर के छोर पर स्थित, तोश को सुंदर घाटी का अंतिम गाँव माना जाता है जो हिप्पी और साहसिक उत्साही लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय है। तोश की सड़क लंबी और घुमावदार है। तोश अन्य शहरों के विपरीत है जो मणिकरण या कसोल जैसे पार्वती नदी के साथ स्थित हैं। हालाँकि कुछ हद तक इसका व्यवसायीकरण हो गया है, फिर भी सड़कें, दुकानें और घर समान हैं। आप दिन में अपने चारों ओर बर्फ से ढके पहाड़ों और ग्लेशियरों को देख सकते हैं और रात में आकाश में फैले मिल्की वे को देख सकते हैं। या आप पास के ट्रेकिंग ट्रेल्स पर घूमने जा सकते हैं।

# उस जगह के बारे में, जहां हुआ था लव-कुश का जन्म





रामायण तो अधिकतर लोगों ने देखी-पढ़ी या सुनी है। भगवान श्री राम और सीता के दो सुपुत्र लव और कुश के बारे में भी हर कोई जानता है। अगर आपने रामायण देखी होगी तो आपको यह पता होगा कि जब भगवान राम ने सीता का त्याग किया था, उस समय वह गर्भवती थी। बाद में ऋषि वाल्मीकि के आश्रम में उन्होंने शरण ली थी और वहीं पर लव-कुश का जन्म हुआ था। लेकिन क्या आपको यह पता है कि ऋषि वाल्मीकि का यह आश्रम कहां पर था और अब वर्तमान में यह स्थान कहां स्थित है।

**यूपी में है यह स्थान :** आपको शायद पता ना हो लेकिन ऋषि वाल्मीकि का आश्रम वर्तमान युग के अनुसार उत्तरप्रदेश में स्थित था। यह आश्रम कानपुर शहर से करीबन 17 किलोमीटर दूर बिठूर गांव में स्थित है। बिठूर गंगा के दाहिने किनारे पर स्थित है, और हिंदू तीर्थयात्रा का एक केंद्र है। ऐसा कहा जाता है कि यह वहीं आश्रम है, जहां पर बैठकर ऋषि वाल्मीकि ने रामायण की रचना की थी। बिठूर भले ही एक छोटा सा गांव है, लेकिन लव-कुश का जन्म स्थान माना जाने वाला यह स्थान स्थानीय लोगों के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण है। साथ ही यहां पर आने वाला हर व्यक्ति इस जगह का दर्शन अवश्य करता है।

**स्थित है वाल्मीकि आश्रम :** बिठूर में आज भी वाल्मीकि आश्रम के निशान देखे जा सकते हैं। यह हिन्दू धर्म और पौराणिक कथाओं के अनुसार एक बेहद ही महत्वपूर्ण स्थान है, यहां पर माता सीता के अपने जीवन का एक लम्बा समय व्यतीत किया। इसके अलावा, यह लव-कुश की जन्मस्थली है और यहीं पर रामायण भी लिखी गई। साथ ही लव-कुश ने इसी स्थान पर ऋषि वाल्मीकि से शिक्षा भी प्राप्त की थी। इसके अलावा यहां पर राम जानकी मंदिर व लव-कुश मंदिर भी है।

**यहीं पकड़ा था अश्वमेघ यज्ञ का अश्व :** भगवान राम के अश्वमेघ यज्ञ के अश्व को भी लव-कुश ने बिठूर में ही पकड़ा था। वाल्मीकि जी की रामायण में भी इसका उल्लेख मिलता है। बाद में जब राम भक्त हनुमान यहां अश्व को छुडाने के लिए आये थे, तो वे भी लव-कुश से परास्त हो गए थे और लव-कुश ने उन्हें बंधक बना लिया था।

# नगरपरिषद का सोफा बन गया चर्चा, आम . . .



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ की सोशल मीडिया पर एक सोफे को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। दरअसल सुजानगढ़ नगरपरिषद कार्यालय से एक सोफे को एक दिन पहले ही टेंपो में रखकर कहीं पर ले जाया जा रहा था। जिसके बाद नया बास पहुंचने पर ऑटो वापस मुड़कर नगरपरिषद कार्यालय में ही आ गया और सोफे को फिर से 17 मिनट में ही यथास्थान विराजमान कर दिया गया। बाद में पता चला कि कोई व्यक्ति पीछे से वीडियो बना रहा था, जिसके कारण सोफा अपने गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंच पाया। फेसबुक पर भाजपा के कुछ लोग इस वाकये को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं को गर्म कर रहे हैं। दूसरी ओर मामले में अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि सोफा कहां जा रहा था और उसे अपने गंतव्य तक क्यों नहीं ले जाया जा सका। क्या सच में किसी वीडियो का डर होने के कारण सोफे को वापस नगरपरिषद लाया गया। फिलहाल यह सब तो तब साफ होगा, जब नगरपरिषद के आयुक्त और प्रशासक मामले की जांच करवायेंगे। लेकिन सोचने वाली बात ये है कि अगर इस प्रकार से नगरपरिषद की सम्पति ऑटो में बैठकर बाहर जाने लगी तो फाईलों को तो इधर-उधर यात्रा करने में ज्यादा वक्त भी नहीं लगता। खैर ये सब तो जांच जाने और जांच का काम। लेकिन हैरानी की बात ये है कि इस सोफे का 17 मिनट का भ्रमण शहर में और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

# रक्तदान कर दी बम ब्लास्ट के शहीदों को श्रद्धांजलि



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** 13 मई 2008 को हुए जयपुर सीरियल बम ब्लास्ट में शहीद हुए नागरिकों की स्मृति में बुधवार को अनेक स्थानों पर श्रद्धाजंलि कार्यक्रम हुए। छोटी चौपड़ पर मुख्य कार्यक्रम हुआ। बम कांड में मारे गए लोगों के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की गई। सांगानेरी गेट पूर्व मुखी हनुमान मंदिर, चांदपोल हनुमान मंदिर में भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ कर भविष्य में कभी भी इस तरह की आतंकी घटना न हो ऐसी प्रार्थना की। इसी कड़ी में चांदपोल बाजार स्थित श्री रामचन्द्र जी मंदिर में सर्व समाज रक्तदाता संस्था के तत्वावधान में रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भाग लेकर बम धमाके में शहीद हुए लोगों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। समाजसेवी चेतन अग्रवाल ने बताया कि सांसद मंजु शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, भाजपा नेता चन्द्र मनोहर बटवाड़ा, सर्व समाज रक्तदाता संस्था की प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया और बम धमाकों में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक विशाल शर्मा, चेतन अग्रवाल, विजय सिंह, रामस्वरूप सोनी, ललित कसाना, कृष्णा शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नरेश शर्मा, महामंत्री लोकेश प्रजापत सहित अन्य उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। सर्व समाज रक्तदाता संस्था के पदाधिकारियों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

### हुतात्मा शांति महायज्ञ में अर्पित की आहुतियां

गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा की ओर से जयपुर बम ब्लास्ट के दौरान मारे गए लोगों की आत्म शांति और शोक संतप्त परिवारों को हिम्मत बंधाने की कामना के साथ मुरलीपुरा के ज्वाला माता मंदिर के पास हुतात्मा शांति गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यजमान सीताराम कुमावत-किरण कुमावत ने आह्वान किए गए देवी-देवताओं का सोडशोपचार पूजन किया। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी, वाटिका, वेदना निवारण केन्द्र, मानसरोवर पर भी यज्ञ में हुतात्माओं की शांति के लिए आहुतियां प्रदान की गई।

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपे तीन ज्ञापन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** खुशनामा सत्याग्रही विजय पाल श्योराण ने उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा को मुख्यमन्त्री के नाम तीन ज्ञापन सैांपे। ज्ञापनों में सुजानगढ़ में स्थायी नगरपरिषद आयुक्त लगाए जाने की मांग की गई है। साथ ही बताया गया है कि सुजानगढ़ के साथ जारी भारी भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। इसी प्रकार दूसरे ज्ञापन में आने वाली बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने तथा लोक सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। तीसरे ज्ञापन में सीएम से मांग की गई है कि जन सुनवाई में आये परिवादों पर नियमानुसार समाधान किया जावे और कार्यवाही न करने वाले लोक सेवकों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

# श्री बालाजी नर्सिंग कॉलेज द्वारा 151 यूनिट रक्तदान

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री बालाजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा बुधवार को श्री बालाजी एजुकेशन हब के भूतपूर्व चेयरमैन स्वर्गीय चौधरी कानाराम चंदेलिया की ग्यारहवीं पुण्यतिथि एवं अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा नर्सिंग की देवी फ्लोरेंस नाइटेंगल के समक्ष मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई और विभिन्न प्रकार की नर्सिंग क्षेत्र से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसी क्रम में बुधवार को स्वर्गीय चौधरी कानाराम चंदेलिया की स्मृति में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 36 छात्राओं, 105 छात्रों एवं 10 गणमान्य नागरिकों द्वारा कुल 151 यूनिट रक्तदान किया गया। संस्था के निदेशक डॉ पूसाराम चंदेलिया ने कहा की श्री बालाजी एजुकेशन हब में नर सेवा को नारायण सेवा मानकर कार्य करने की शिक्षा दी जाती है। संस्था के एडमिन ऑफिसर डॉ अरुण शर्मा ने नर्सिंग विद्यार्थियों को नर्सेज दिवस की थीम हमारी नर्सेज हमारा भविष्य, एंपावर्ड नर्सेज, सेव लाइफ्स के बारे में बताया और और कहा कि रक्तदान-महादान जीवन बचाने का महान अभियान है इससे जीवन बचाने की मुहिम को बल मिलता है। श्री बालाजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ सुनीता खिलेरी ने स्वयं रक्तदान कर छात्राओं को प्रेरित किया और छात्राओं में इसका प्रभाव देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता भोम सिंह राठौड़, योगेश पूनिया, हरीश पायला, जगदीप मूंड, रामकिशोर जानू, नरेंद्र सोनी एवं कार्यालय कर्मी श्रवण कुमार स्वामी ने भी रक्तदान कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। व्याख्याता कविता चैधरी ने सभी रक्तवीरों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सहयोगी स्टाफ के अनिता टेलर, ओमप्रकाश भींचर, सावित्री मेघवाल, भंवरलाल प्रजापत, मोतीराम जाट, बनवारीलाल मेघवाल, केशुराम डूकिया, मुंशी खान, हरक्यूलिस थॉमस, ललित वाल्मीकि, सोनू, सुनीता आदि उपस्थित रहे। रक्तदान का शुभारंभ बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्र आशीष यादव, विवेकानंद बंशीवाल, मोहित रिणवा, पुनीत बरोड़ आदि ने रक्तदान के साथ किया। रक्त संग्रहण का कार्य दानाराम सेवदा के मार्गदर्शन में लायंस चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड सेंटर सुजानगढ़ द्वारा किया गया।

संचालन छात्रा संजू चौधरी एवं मनीषा चैधरी ने सामूहिक रूप से किया।

# हिन्दू उत्थान तथा धर्मांतरण के दुश्चक्र को रोकने के लिए प्रयासरत हैं परिषद

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार का आगमन हुआ। लाडनूं जैन विश्व भारती में आचार्य महाश्रमण का सान्निध्य प्राप्त कर सालासर बालाजी का दर्शन कर सरदारशहर आचार्य महाप्रज्ञ की समाधि व इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर के दर्शन करने जाते समय आलोक कुमार स्थानीय संकटमोचन बालाजी मंदिर स्थित विनोद डागा के घर अल्प प्रवास के लिए रुके। इस दौरान उनके साथ विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम साथ रहे। इस दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा व पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने भी स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।



अयोध्या राम मंदिर केस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुविख्यात महाधिवक्ता परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण विश्व में हिन्दुओं की घटती हुई आबादी चिंता का विषय है। हिन्दू उत्थान तथा धर्मांतरण के दुश्चक्र को रोकने के लिए परिषद ने हर तरह से कमर कस रखी है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही भारत में भाजपा शासित सभी प्रदेशों में यूनिवर्सल सिविल कोड लागू होगा। इसके बाद न चाहे कोई किसी भी धर्म का हो उसे एक पत्नी धर्म निभाना होगा। तलाक भी कोर्ट में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करके ही दिए जा सकेंगे। धर्मांतरण करने से पहले भी नोटिस देना होगा जिसमें प्रशासन के साथ साथ परिजनों को भी जानकारी देनी आवश्यक होगी।

आंध्र प्रदेश और राजस्थान में भी परिषद के प्रयासों से स्थानीय निकाय चुनावों में दो से अधिक संतानों वाले व्यक्ति को सहभागिता में छूट दिया जाना तथा राजस्थानी भाषा को शिक्षा हेतु शामिल करना भी संगठन के प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि संगठन के सुझाव से बंगाल से आ रहे अवैध घुसपैठियों की रोकथाम के लिए बी एस एफको बॉर्डर क्षेत्र की भूमि तारबंदी हेतु देना भी देश की आंतरिक सुरक्षा हेतु मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पना कांत, ललित आंचलिया, सुधीर गुप्ता, एडवोकेट कविता बरडिया, बाबूलाल गोल्छा, राजकुमार महर्षि, जगदेव सांखोलिया, रामदेव चंदनिया, अनिल लाटा, राजेंद्र प्रसाद चांदगोठिया, महावीर महर्षि, अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, हैमेन्त सारस्वत, कन्हैया लाल मिश्र, रामचंद्र खटीक, दौलतराम खटीक, बछराज सोनी, जगदीश भूत सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# बारिश के साथ गिरे चने के आकार के ओले



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे चूरू जिले के लोगों को बड़ी राहत मिली है। सुबह से ही तेज गर्म हवाओं ने आमजन को परेशान कर रखा था और तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंचने से लोग बेहाल नजर आए। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा तथा लोग घरों में रहने को मजबूर दिखाई दिए। शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और चूरू, रतनगढ़ एवं सरदारशहर सहित आसपास के क्षेत्रों में काले बादल छा गए। इसके बाद तेज हवाओं के साथ सरदारशहर में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ कई जगह चने के आकार के ओले भी गिरे, जिससे खेतों और सड़कों पर सफेदी सी नजर आने लगी। अचानक बदले मौसम ने गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत पहुंचाई। बारिश के दौरान ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने घरों की छतों, गलियों और सड़कों पर निकलकर बारिश का आनंद लिया। बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला। वहीं किसानों के चेहरों पर भी राहत नजर आई। बारिश के बाद जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। लंबे समय से भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव बना रह सकता है।

# कोर्ट परिसर में हुआ हंगामा, युवक ने एडवोकेट के जड़ा थप्पड़



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू कोर्ट परिसर में बुधवार को उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब कोर्ट परिसर में आए एक युवक ने एडवोकेट के थप्पड़ जड़ दिया और बीच बचाव करने आए अधिवक्ताओं के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। विवाद खड़ा होते देख आसपास के और अधिवक्ता दौड़कर पहुंचे और युवक को काबू कर कोतवाली पुलिस के हवाले किया। वही पूरा विवाद बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ बताया जा रहा है। एडवोकेट के साथ हुई मारपीट के विरोध में आक्रोशित अधिवक्ता चूरू एसपी दफ्तर पहुंचे और लिखित में परिवाद दे आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की मांग की। पीड़ित एडवोकेट काशीराम शर्मा ने बताया कोर्ट परिसर में उनका टीन शेड का चेंबर बना हुआ है। बुधवार को चेंबर के आगे एक युवक बाइक लेकर आया और चेंबर के आगे खड़ी कर जाने लगा तो मैंने उससे बाइक साइड में लगाने का आग्रह किया और उसी बात को लेकर बाइक सवार युवक तेश में आ गया और एडवोकेट काशीराम के थप्पड़ जड़ दिया। कोर्ट परिसर में बवाल की सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंची और अधिवक्ताओ ने आरोपी युवक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाने के हेडकांस्टेबल प्रेम कुमार ने बताया गिरफ्तार युवक शेखावत कॉलोनी निवासी प्रदीप सिंह है जिसे कोर्ट परिसर में हुए बवाल के बाद शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित एडवोकेट की रिपोर्ट मिलने पर पुलिस आगामी कारवाई करेगी।

# एसएमएस अस्पताल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सवाई मानसिंह एसएमएस अस्पताल को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड, सिविल डिफेंस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं और अस्पताल परिसर में व्यापक सर्च अभियान चलाया गया। कई घंटे तक चली जांच के बाद अस्पताल परिसर से कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। एसएमएस थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर एक व्यक्ति ने फोन कर एसएमएस अस्पताल परिसर में बम होने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी यूनिट, पार्किंग क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों की गहन जांच शुरू कर दी। सुबह करीब 8 बजे से ओपीडी शुरू होने के कारण अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन मौजूद थे। बम की धमकी की खबर फैलते ही कुछ समय के लिए अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित रखते हुए मरीजों एवं परिजनों को शांत रहने की अपील की और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते ने अस्पताल के चप्पे-चप्पे की जांच कीए लेकिन किसी प्रकार की संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। सुरक्षा के मद्देनजर अस्पताल परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि धमकी भरा कॉल हरियाणा के महेंद्रगढ़ से किया गया था। जयपुर पुलिस की सूचना पर हरियाणा पुलिस ने आरोपित मोनू गुप्ता को हिरासत में ले लिया है। जयपुर पुलिस की एक टीम उसे जयपुर लाकर पूछताछ करेगी। प्रारंभिक जांच में मामला शरारत और अफवाह फैलाने का प्रतीत हो रहा हैए लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

इस संबंध में विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# शराब ठेका विवाद : जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** शराब ठेके के झगड़े में एक पक्ष द्वारा गांव घूमनसर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों बदमाश चूरू जिले के रहने वाले हैं तथा वारदात करने पिलानी क्षेत्र में आए थे। थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सन्टी कुमार निवासी नवां थाना, पपीन्द्र कुमार एवं विकास दोनों निवासी नेशल छोटी थाना हमीरवास के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किया है। गौरतलब है कि 9 मई की रात को कस्बे के बस स्टैण्ड पर संचालित एक शराब ठेके पर रात करीब 12 बजे कुछ लोगों ने हमला कर शराब ठेके में तोड़फोड़ कर शराब लूटी थी। घटना के बाद दूसरा पक्ष के लोग वाहनों में सवार होकर हमलावरों का पीछा करते हुए गांव घूमनसर पहुंचे थे। मगर इससे पहले ही घूमनसर निवासी योगेन्द्र गाड़ी को घर में छोड़ कर बाइक लेकर फरार हो गया था। आरोपियों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की तथा घर से एक बच्ची का अपहरण का प्रयास किया था।

# आरजीएचएस योजना का पूर्ण लाभ की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा राजस्थान पेंशनर समाज के प्रांतीय आहवान पर पेंशनर समाज व कार्मिकों को आर जी एच एस योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिलने व आये दिन हो रही परेशानियों को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर बीकानेर के माध्यम से मुख्य मंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन भिजवाया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिन के 11 बजे से पूर्व सैकड़ों की तादाद में पेंशनर्स पेंशनर कार्यालय पहुंचे वहां से राजस्थान पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष एडवोकेट ओमप्रकाश जोशी व महामंत्री कालूराम भाटी की में अगुआई में जुलुस के रूप में नारे पेंशनर समाज जिन्दाबाद, राजस्थान सरकार होस में आओ, आर जी एच एस को बंद नहीं करने दिया जायेगा आदि नारे लगाने में स्वयं अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला मंत्री कालूराम भाटी संरक्षक सत्यनारायण पारीक व लालचन्द्र तुलसानी और नोखा उपशाखा के अध्यक्ष इन्द्रचन्द्र मोदी आदि ने भी जोश के साथ नारे लगाने से वंचित नहीं रहे। वृद्धावस्था के बावजूद आकाश का गुंजायमान कर रहे थे। जिला कलक्टर कार्यालय के सामने अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने आर जी एच एस योजना में पेंसनरो और कार्मिको को पूर्ण लाभ नहीं मिलने व आये दिन हो रही परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए राज्य सरकार को आगाह किया कि समय रहते पटरी से उत्तरी आरजीएसएच योजना को ठीक करें। और पेंशनरों व कार्मिको को पूर्ण लाभ दिलावे । अन्यथा ईसके परिणाम भुगतने होंगे। जोशी ने कहा कि अनुमोदित चिकित्सालयो फार्मास्टोर द्वारा आर जी एच एस का बहिस्कार करते हुए चिकित्सा सुविधा एव दवाईया नही दिए जाने तथा सरकार द्वारा आर जी एच एस योजना को इन्सुरेंस/पूनर्भरण मोड़ पर ले जाने की मंशा का विरोध करते है। राज्य सरकार पेंशनर भोगी व कार्मिकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जिसे बर्दास्त नहीं किया जायेगा। तत्पश्चात पेंशनर समाज के प्रतिनिधियों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर बीकानेर शहर रमेश देव को ज्ञापन सोपा। जुलुस के दौरान इंजिनियर अरुण कुमार व ओम प्रकाश बिश्नोई, रमेश कुमार आचार्य, महेश कुमार आचार्य, अल्लादीन सन्मा, राकेश कुमार गुप्ता, द्वराकदास जोशी, मोहम्मद हनीफ भाटी, हनुमानसिंह, मांगीलाल, मोहम्मद बक्श, लक्ष्मीनारायण मोदी सहित सेकड़ो की तादाद में उपस्थित रहे।


# 5 किलो से अधिक गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन नकेल एवं एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर पांच किलो से अधिक गांजा जब्त किया है। सीआई बेगाराम मीणा ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मांडेता रोड पर प्रकाश निवासी वार्ड नं 03, सुजानगढ़ की तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से 5.256 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआई बेगाराम मीणा के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में एसआई रामस्वरूप, एएसआई जगदीश कुमार, महिला कांस्टेबल चंद्रकला, कांस्टेबल चैनसिंह, मनोज कुमार शामिल रहे।

# पेट की चर्बी कम करने के लिए करें प्लैंक एक्सरसाइज

पेट की चर्बी या फैट कम करना बेहद ट्रिकी होता है। सिंपल एक्सरसाइज और डाइट से ओवरऑल बॉडी फैट तो कम हो जाता है लेकिन जिद्दी पेट के फैट को बर्न करने में काफी परेशानी आती है। पेट की चर्बी कम करने और मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए कई तरह की एक्सरसाइज हैं। यदि आप एक ऐसे वर्कआउट रूटीन की तलाश कर रहे हैं, जो न केवल आसान और प्रभावी हो, बल्कि जिसे आप घर या जिम कहीं भी कर सकते हैं, तो आप प्लैंक ट्राई कर सकते हैं। प्लैंक एक प्रभावी बॉडीवेट वर्कआउट है, जो कोर को मजबूत, स्थिर और लचीला बनाता है। इसके नियमित अभ्यास से मेटाबॉलिज्म को भी सुधारा जा सकता है। प्लैंक के अलग-अलग वेरिएंट आपके कोर को टार्गेट करने में मदद करते हैं, साथ ही पेट की चर्बी भी कम करते हैं। प्लैंक को यदि सही तरीके से किया जाए, तो एक ही महीने में आपको बेहतर रिजल्ट प्राप्त हो सकते हैं।



## सही पोस्चर जरूरी है

जब आप प्लैंक कर रहे हों, तो आपका पोस्चर बिल्कुल सही होना चाहिए। एक परफेक्ट प्लैंक पोस्चर में आपके पैरों को सीधा, पीठ को जमीन के समानांतर और रीढ़ को सीधा होना चाहिए। आपको अपने घुटने नहीं मोड़ने चाहिए या अपनी पीठ भी नहीं उठानी चाहिए। दोनों बाजू सीधे और फर्श के समानांतर होने चाहिए। इसके अलावा, इसमें अपने ग्लूट्स को शामिल करें, ताकि आप कौलोरी बर्न कर सकें।

## अधिक समय तक करें होल्ड

एक और चीज है जो फायदेमंद हो सकती है वह है समय, यानी कितनी देर तक आप प्लैंक को होल्ड करते हैं। प्लैंक देखने में आसान लगता है लेकिन जब आप इसका अभ्यास करते हैं, तो पूरी बॉडी को इनवॉल्व करना पड़ता है। जब तक आप कर सकते हैं, तब तक प्लैंक को होल्ड करें। ऐसा करने से न केवल आपके पेट की चर्बी कम होगी बल्कि एब्स की मांसपेशियां भी टोन होंगी।

## वैरिएशन ट्राई करें

प्लैंक के कई वैरिएशन हैं, जिन्हें ट्राई करके वजन घटाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। फोरआर्म या फुल प्लैंक हर रोज करना नीरस हो सकता है, इसलिए आप अन्य वैरिएशन ट्राई कर सकते हैं। साइड प्लैंक से लेकर नी प्लैंक और स्ट्रेट आर्म प्लैंक का चुनाव कर सकते हैं। ये सभी एक्सरसाइज काफी इफेक्टिव हैं।

## प्लैंक पोजीशन में मूव करें

प्लैंक पोजीशन को और अधिक डिफिकल्ट बनाने के लिए साइड मूव्स किए जा सकते हैं। इसके अलावा प्लैंक जैक, अप या डाउन प्लैंक और माउंटेन क्लाइंबर वर्कआउट फैट कम करने में मदद कर सकते हैं। इससे ज्यादा से ज्यादा फैट बर्न किया जा सकता है।

### प्लैंक करने का सही तरीका

- सबसे पहले पुश-अप पोजीशन में आ जाएं।
- अपने हाथों को कोहनी से मोड़ें, वजन को अपनी भुजाओं पर रखें।
- अपने कोर को एंगेज करें और अपने ग्लूट को स्क्वीज करें।
- अपने शरीर को सिर से एड़ी तक सीधा रखें।
- जब तक आप कर सकते हैं तब तक स्थिति को बनाए रखें।

# हेल्दी ब्रेकफास्ट है दूध पोहा, खाने से सेहत को मिलते हैं यह फायदे

हेल्दी ब्रेकफास्ट से दिन की शुरुआत करके आप अपने पूरे दिन को बेहतर बना सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट का मानना है कि ब्रेकफास्ट न सिर्फ आपकी अच्छी सेहत के लिए जरूरी होता है, बल्कि पूरा दिन शरीर को एनर्जी दिलाने में भी मदद करता है। हालांकि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग अपने पूरे दिन के सबसे खास मील ब्रेकफास्ट को ही स्किप कर देते हैं। ब्रेकफास्ट स्किप करने की वजह से न सिर्फ पेट में दर्द, गैस और ब्लोटिंग जैस समस्या होती है, बल्कि यह कई हेल्थ प्रॉब्लम का भी कारण बन सकता है।





## हड्डियों को बनाता है मजबूत

दूध और पोहा में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करता है। साथ ही, यह प्रोटीन, फाइबर और कई आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट्स का भी अच्छा सोर्स है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है।

## पाचन को बनाता है हेल्दी

दूध और पोहा में प्रोबायोटिक पाया जाता है, जो आंत के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसका सेवन करने से पेट में दर्द, गैस, कब्ज और उल्टी जैसी पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिलती है। जिन लोगों को पेट से संबंधी समस्याएं ज्यादा रहती हैं उन्हें सप्ताह में 2 से 3 बार दूध और पोहे का सेवन करने की सलाह दी जाती है।

## वेट लॉस में है मददगार

दूध और पोहे में पर्याप्त मात्रा में फाइबर और प्रोटीन पाया जाता है। फाइबर का अच्छा सोर्स होने की वजह से दूध और पोहा वेट लॉस में मददगार साबित होता है। दरअसल, नाश्ते में फाइबर युक्त चीजों का सेवन करने से पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे भूख को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। जाहिर सी बात है जब भूख कंट्रोल में रहेगी, तो आप एक्स्ट्रा फैट भरी चीजें खाने से बचेंगे।

## एनीमिया से लड़ने में मददगार

दूध और पोहा आयरन और विटामिन बी से भरपूर होता है। अगर आप दूध और पोहे का सेवन करते हैं, तो यह शरीर में आयरन की कमी को पूरा करने में मदद करता है। जानकारी के लिए बता दें कि आयरन की कमी होने की वजह से एनीमिया नामक बीमारी होती है।

### नाश्ते के लिए दूध-पोहा कैसे बनाएं?

- नाश्ते में दूध और पोहा का सेवन करने के लिए एक बाउल में दूध को गर्म कर लें।
- गर्म दूध में अपनी सुविधा के अनुसार पोहा डालें और 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें।
- जब दूध में पोहा पूरी तरह से फूल जाए, तो इसमें थोड़ा सा शहद डालकर मिलाएं।
- नाश्ते के लिए आपके दूध और पोहा तैयार हो चुका है।

# इन सब्जियों का जूस यूरिक एसिड को मिनटों में करेगा खत्म, गंभीर बीमारियों से भी मिलेगी राहत



अगर आपके शरीर, उंगलियों, जोड़ों, पंजो और पीठ के निचले हिस्से में गंभीर दर्द रहता है। यह लक्षण यूरिक एसिड लेवल के बढ़े होने का संकेत हो सकता है। मांसपेशियों में ऐंठन और जोड़ों में दर्द सिर्फ गठिया के कारण ही नहीं बल्कि यूरिक एसिड के बढ़ने से भी होने लगता है। यूरिक एसिड क्या होता है। बता दें कि जब आपको खानपान खराब हो जाता है, जीवनशैली सुस्त या अधिक तनाव होने पर शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ जाता है।

**यूरिक एसिड के नुकसान :** यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने पर यह किडनियों, लिवर और दिल के कामकाज को बाधित करने लगता है। जिसके कारण शरीर और मांसपेशियों में दर्द की समस्या हो सकती है। खून में बहुत अधिक यूरिक एसिड बढ़ने से कई गंभीर बीमारियों जैसे किडनी की पथरी, हाइपरयुरिसीमिया, गठिया और गाउट आदि का भी खतरा हो सकता है। यूरिक एसिड लेवल कम करने में मदद करने वाले कुछ खास जूसों के बारे में बताया है। जिसके सेवन से आप यूरिक एसिड के लेवल को कंट्रोल कर सकते हैं।

**यूरिक एसिड का लेवल कैसे करें कम :** यूरिक एसिड के लेवल को कम करने के लिए कई दवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन आप अपने खानपान के तरीके में बदलाव कर यूरिक एसिड को खत्म कर सकते हैं। इसके लिए आपको प्यूरिन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना होगा। प्यूरिन से भरपूर खाद्य पदार्थ में लाल मांस, शराब, मछली, बियर, ब्रोकली और केला आदि चीजें शामिल हैं। इसके अलावा आप इन जूसों के सेवन से यूरिक एसिड लेवल को कम कर सकते हैं।

**खीरे का रस :** खीरे के रस में नींबू मिलाकर सेवन किए जाने से लिवर, किडनी को डिटॉक्स करने में मदद करता है। साथ ही ब्लड फ्लो में यूरिक एसिड का लेवल कम होता है। पोटेशियम और फास्फोरस की मदद से किडनी को डिटॉक्स करता है। साथ ही यह जूस किडनी के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने और बॉडी से विषाक्त पदार्त को बाहर निकालता है।

**गाजर का रस :** ताजा गाजर के रस में नींबू का रस मिलाकर सेवन किए जाने से बढ़े हुए यूरिक एसिड को कम किया जा सकता है। गाजर के जूस में विटामिन ए, एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, बीटा कैरोटीन, मिनरल्स पाया जाता है। जो आपके शरीर में बढ़े हुए यूरिक एसिड से होने वाले नुकसान को कम करता है। वहीं नींबू में टीऑक्सिडेंट, विटामिन सी पाया जाता है। जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।

**अदरक की चाय :** अदरक की चाय का सेवन किए जाने से भी यूरिक एसिड को कम किया जा सकता है। अदरक में पाए जाने वाले एंटीसेप्टिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी और हीलिंग गुणों के कारण यूरिक एसिड कम होता है। इसके साथ ही अदरक में एंटीऑक्सिडेंट और मिनरल्स भी पाया जाता है। जो सूजन, शरीर में दर्द और जोड़ों के दर्द से राहत देता है।

**ग्रीन टी :** ग्रीन टी के सेवन से न सिर्फ आपकी इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होती है। बल्कि यह यूरिक एसिड को भी कम करने का काम करती है। ग्रीन टी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सिडेंट और बायोएक्टिव यौगिक कुछ ही दिनों में स्वाभाविक रूप से यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकते हैं।

# बच्चों को मारने-पीटने का उन पर इन तरीकों से पड़ता है बुरा असर, पेरेंट्स के लिए समझना है जरूरी

पेरेंट्स अपने बच्चे को हमेशा अनुशासित रखने की कोशिश करते हैं लेकिन जैसे-जैसे बच्चा नए दोस्त बनाता है। उसकी मांगें और जिद्द बढ़ती जाती है। ऐसे में उन्हें सही-गलत सिखाना पेरेंट्स का ही काम होता है। कई बार बच्चा जब उनकी बात नहीं मानता है, तो उनके पास उन्हें पीटने और गुस्सा करने के अलावा और कई रास्ता गुस्से में नजर नहीं आता है। दरअसल बच्चे जब पेरेंट्स से बेवजह बहस करता है या उनकी बात नहीं मानता है, तो माता-पिता बच्चे को अनुशासित करने के लिए मारना या पीटना जरूरी समझते हैं। वास्तव में बच्चों को किसी भी परिस्थिति में मारना या पीटना सही नहीं है। यह उनपर शारीरिक और भावनात्मक रूप से गलत प्रभाव पड़ता है।



**हिंसा बढ़ सकती है :** बच्चों को हर छोटी-बड़ी बात के लिए पीटने से उनके मन पर गलत प्रभाव पड़ता है। आपको मारते देखकर हो सकता है कि बाहर के लोगों भी आपके बच्चे को बहुत बादमाश समझें और छोटी-बड़ी गलती के लिए उसे पीटें। इससे बच्चे के मन में डर रहता है और वह अपने आप पर विश्वास नहीं कर पाते हैं और अपनी बात आपको बताने से भी डरने लगते हैं। इसके अलावा बच्चे ये भी सोचने लगते हैं कि छोटे लोगों को मारना सही होता है और वह अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहन को भी पीटते हैं।

**बच्चे का आत्मविश्वास कम होता है :** बच्चे को पीटने से उनके मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यदि आप लगातार बच्चे को मारते हैं, तो उन्हें अक्सर लगता है कि वह गलत है या बुरे है और अच्छे इंसान नहीं है। ऐसे में वह धीरे-धीरे आत्मविश्वास भी खोने लगते हैं और गलत संगति में फंसकर गलत आदतें भी अपना सकते हैं। इससे आप बच्चे को सुधारने के चक्कर में उन्हें और अधिक बिगाड़ने लगते हैं। बच्चे इमोशनली रूप से जब प्रभावित होता है, तो जल्दी उभर नहीं पाता है।

**पेरेंट्स की वैल्यू नहीं करते :** बच्चे को पीटने या मारने के बाद आप सोचते हैं कि बच्चे को आपकी बातें समझ में आ गयी होगी लेकिन यह विचार अपने आपको संतुष्टि देने के लिए अच्छा है। मारने से आपका बच्चा धीरे-धीरे आपसे दूर होने लगता है और आपको अपनी बातें बताना बंद कर देता है। कई बार तो बच्चे इतना डर जाते हैं कि वह दूसरे बच्चे को पीटता देखकर भी रोने लगते हैं। ऐसे में उनके लिए दूसरे लोगों के सामने खुद को पेश करने में भी बहुत परेशानी आती है।

**बच्चा विद्रोही बन सकता है :** छोटे बच्चे को मारने पर तो वह डर सकते हैं लेकिन जैसा-जैसा बच्चा बड़ा हो रहा होता है, वह आपसे डरना बंद कर देता है। आपके मारने पर उन्हें गुस्सा आता है और वह मन में आपके प्रति सम्मान की भावना नहीं रखते हैं। इन सब चीजों से वह विद्रोही हो सकते हैं और आगे चलकर आपकी बात मानने से भी मना कर सकते हैं। ये सब चीजें शायद आपके लिए और आपके बच्चे के लिए गलत साबित हो सकती है।

### गुस्सा करना

एक छोटा बच्चा अपने माता-पिता को देखकर ही बहुत कुछ सीखता है। ऐसे में अगर आप उन्हें अपना क्रोधी स्वभाव दिखाते हैं और उन्हें पीटते हैं, तो उनके अंदर भी गुस्सैल प्रवृत्ति होती है। जिसकी वजह से वह किसी पर भी गुस्सा करने लगते हैं या फिर उनपर कोई भी आसानी से गुस्सा कर सकता है क्योंकि उनके मन में मार खाने का डर बैठ जाता है। सामाजिक तौर पर भी बच्चे असभ्य बन जाते हैं।

# सुबह खाली पेट केला और दही खाने से सेहत को मिलेंगे कई फायदे

केला और दही, दोनों का सेवन सेहत के लिए बहुत लाभकारी होता है। आमतौर पर लोग दोनों का सेवन करते तो हैं, लेकिन अलग-अलग। लेकिन क्या आप जानते हैं, अगर आप दोनों का साथ में सेवन करें, तो यह कॉम्बिनेशन सेहत के लिए बहुत लाभकारी साबित हो सकता है। खासकर, अगर आप सुबह खाली पेट इसका सेवन करते हैं, इससे सेहत को अद्भुत फायदे मिल सकते हैं। केला पोषण का खजाना है, इसमें डाइट्री फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम और कई विटामिन मौजूद होते हैं। वहीं, दही एक बेहतरीन प्रोबायोटिक है। यह आंत में अच्छे बैक्टीरिया के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, हेल्दी फैट्स और कई अन्य जरूरी पोषक तत्व भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। जब आप सुबह खाली पेट दोनों का साथ में सेवन करते हैं, तो इससे सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं।

**पाचन स्वास्थ्य मजबूत बनाए :** जिन लोगों को पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, कब्ज आदि की समस्या रहती है, अगर वे दिन की शुरुआत दही और केला से करें, तो इससे उनकी समस्या दूर हो सकती है।

**शरीर को बनाए मजबूत :** शारीरिक कमजोरी को दूर करने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। यह शरीर को भीतर से मजबूत बनाता है और वजन बढ़ाने में भी मदद करता है। जिन लोगों का वजन नहीं बढ़ता है, अगर वे इसका रोजाना सेवन करें, तो उन्हें बहुत लाभ मिल सकता है।

**आंत में बढ़ाए बैक्टीरिया :** आंत में अच्छे बैक्टीरिया का संतुलन सिर्फ पाचन स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए भी जरूरी है। यह मानसिक स्थितियों से बचाव और इम्यूनिटी मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं। जिससे कई रोगों का जोखिम कम होता है। दही और केला, दोनों ही आंतों को स्वस्थ रखने में बहुत लाभकारी हैं।

**वजन प्रबंधन में मिलती है मदद :** जिन लोगों का वजन बहुत अधिक है, अगर वे दही और केला खाते हैं, तो इससे वजन प्रबंधन में मदद मिल सकती है। यह पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और आपको लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराते हैं। इस तरह आप कम कैलोरी लेते हैं और वजन कंट्रोल होने लगता है।

# कमर और पीठ के लिए बहुत फायदेमंद हैं ये एक्सरसाइज

कमर में दर्द होना आजकल की बेहद आम समस्या हो चुकी है। मसल्स, टेंडन्स, डिस्क्स, लिगामेंट्स और हड्डियां आपकी कमर का हिस्सा होती हैं। इनमें से किसी भी हिस्से में दिक्कत होने पर आपकी कमर में दर्द उत्पन्न हो सकता है। अक्सर कुर्सी में देर तक बैठे रहने से या अधिक समय तक एक ही अवस्था में रहने से आपको कमर व पीठ में दर्द की समस्या हो सकती है। साथ ही कमर में लोच, स्वास्थ्य संबंधी समस्या, उठने-बैठने का गलत तरीका और तनाव आदि कारणों से भी कमर और पीठ में दर्द हो सकता है। इस दिक्कत के बढ़ने से आपको उठने-बैठने व लेटने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में आपको चलने में भी दिक्कत हो सकती है। इससे राहत पाने के लिए आप कुछ एक्सरसाइज की मदद ले सकते हैं।



### साइड बेंडिंग पोज करने का तरीका

- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले अपना योग मैट बिछाएं।
- अब सीधे खड़े हो जाएं और अपने हाथों को जांघों से सटा कर रखें।
- इसके बाद हाथ ऊपर लाएं और अपनी उंगलियों को आपस में इंटरलॉक करें।
- अब दाएं हिप को दबाते हुए सांस छोड़ें और बाईं तरफ मुड़ें।
- इतना करने के बाद आप अपनी उंगलियों को ऊपर नीचे करें।
- अब सामान्य हो जाएं और दूसरी तरफ से भी ऐसा ही करें।

### सुपिन स्पाइनल ट्विस्ट

- सुपिन स्पाइनल ट्विस्ट एक्सरसाइज को करने के लिए पीठ के बल लेटें।
- इसके बाद बाजुओं को कंधों की सीध में पंखों की तरह फैलाएं।
- इतना करने के बाद अपने दाहिने पैर को बाईं तरफ रखें और दाएं हाथ को देखें।
- इसी प्रक्रिया को दूसरे पैर से भी दोहराएं।

### कोबरा पोज

- कोबरा पोज का अभ्यास करने के लिए योग मैट बिछाकर पेट के बल लेट जाएं।
- अब अपने हाथों को छाती के पास लाएं।
- अब लंबी सांस भरते हुए ऊपर उठें।
- बाहर की ओर निकालते हुए सिर पीछे की तरफ खींचें।
- इतना करने के बाद सांस छोड़ें और फिर आराम से सिर नीचे लाएं।

### कैट एंड कैमल स्ट्रेच

- इसे करने के लिए सबसे पहले घुटनों के बल बैठें।
- हाथों के पंजों को कंधों के नीचे रखें।
- इतना करने के बाद सांस लें और अपनी कमर को उठाएं।
- छाती को आगे की तरफ करते हुए नाभि को फर्श के नजदीक लाएं।
- अब कैट पोज में वापस आएं और सिर को झुकाएं और ठोढ़ी को चेस्ट के पास लाएं।

### ब्रिज पोज

- ब्रिज पोज करने के लिए योग मैट पर पीठ के बल सीधा लेट जाएं।
- अब घुटनों को उठाएं।
- कमर को सिकोड़ते हुए अपने हिप्स को ऊपर उठाएं।
- अपनी ठोढ़ी से चेस्ट को छुएं।
- अब सामान्य मुद्रा में आ जाएं।

# आंतों में जमा गंदगी हो सकती है खतरनाक, इसे साफ करने के लिए डाइट में जरूर शामिल करें ये खास फूड्स

खानपान की गलत आदतों के कारण अक्सर पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कई बार जब पेट सही तरीके से साफ नहीं हो पाता है तो कोलन में गांधी जमा हो जाती है। ऐसे में पेट के साथ साथ आंतों का साफ होना भी बहुत जरूरी है। अगर आंतों में टॉक्सिंस जमा होंगे तो इससे कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आपको खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है।



**सेब :** सेब में मौजूद पेक्टिन से कोलन की सफाई में मदद मिलती है। इसके सेवन से शरीर की गन्दगी और मल को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसके साथ ही, सेब के सेवन से पेट में कैंसर की कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद मिलती है। इसके लिए आप रोजाना सेब के जूस का सेवन करें।

**कच्ची सब्जियों का जूस :** कोलन को डिटॉक्स करने के लिए कच्ची सब्जियों का सेवन करें। इसमें भरपूर मात्रा के फाइबर मौजूद होता है जिससे शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। इसके लिए पालक, गाजर, चुकुंदर, टमाटर और ककड़ी का जूस अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

**नींबू :** नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी मौजूद होता है। यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। इसके साथ ही, नींबू के सेवन से शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद मिलती है। इसके लिए रोजाना सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में एक नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाकर पिएं।

**दही :** दही हमारे पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। यह एक नेचुरल प्रोबायोटिक है, जो आंतों में हेल्दी बैक्टीरिया को बनाए रखता है। रोजाना दही खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और आंतों की सफाई में मदद मिलती है। रोजाना एक से दो कप दही का सेवन करने से गट क्लींजिंग में मदद मिलती है।

# राजस्थान पुलिस कल्याण निधि बोर्ड की बैठक में लिए संवेदनशील और दूरदर्शी निर्णय

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस परिवार के कल्याण, सुरक्षा और सामाजिक संबल को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बुधवार को राजस्थान पुलिस कल्याण निधि बोर्ड की 26वीं बैठक आयोजित की गई। पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता राजीव कुमार शर्मा ने की। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस कल्याण को नई मजबूती देने वाले अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि पुलिस बल का मनोबल मजबूत रखना और उनके परिवारों को सुरक्षा व सम्मान का भाव देना विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। बैठक में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता पर जोर देते हुए राजस्थान पुलिस कल्याण निधि के वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण का अनुमोदन किया गया। डीजीपी शर्मा ने कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। यह बैठक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के लिए राहत का संदेश लेकर प्रतीत हुई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सेवारत पुलिसकर्मियों के साथ ही अब सेवानिवृत्त पुलिसकार्मिकों को भी गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय के लिए आर्थिक सहायता पुलिस कल्याण निधि से दी जाएगी। बैठक में एक अत्यंत मानवीय और संवेदनशील निर्णय लेते हुए संतान ऑपरेशन प्रसूति पर होने वाले व्यय के संबंध में राहत प्रदान करने का निर्णय लिया गया। निर्णय अनुसार संतान ऑपरेशन प्रसूति पर होने के बाद गंभीर स्थिति में होने वाले अतिरिक्त व्यय राशि को निर्धारित सीमा में आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। यह निर्णय विशेष रूप से उन पुलिस परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगा, जिन्हें चिकित्सा व्यय के कारण आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बैठक में तृतीय बटालियन आरएसी बीकानेर के स्वर्गीय कांस्टेबल रतनदीप मीणा के निधन के उपरांत उनके नाम स्वीकृत 5 लाख रुपये की बकाया ॠण राशि को अपलेखित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीआईडी.सीबी जयपुर के हैड कांस्टेबल हरिकिशोर द्वारा तकनीकी एवं व्यवसायिक छात्रवृत्ति की दरें बढ़ाने एवं उन्हें समान करने का विषय उठाया गया। बोर्ड ने इस विषय को राजस्थान पुलिस हितकारी निधि से संबंधित मानते हुए इसका परीक्षण कर आगामी बैठक में निर्णय के लिए प्रस्तुत करने का निर्णय लिया। पुलिस लाईंस में संचालित पुलिस कैंटीनों व लाईब्रेरी को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए उन्हें अपग्रेड करने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त करने का भी निर्णय लिया गया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना उनके मनोबल और कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बैठक में नवसृजित जिला एवं यूनिटों में सीपीसी कैंटीन खोलने के प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया। इससे दूरस्थ एवं नवगठित इकाइयों में कार्यरत पुलिसकर्मियों को भी कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ समान रूप से मिल सकेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समस्त जिलों, यूनिटों एवं प्रशिक्षण संस्थानों से राजस्थान पुलिस कल्याण निधि नियम 1986 के तहत कल्याणकारी कार्यों हेतु आवश्यक प्रस्ताव मय एस्टीमेट आमंत्रित किए जाएंगे। इस पहल से विभिन्न इकाइयों में आवश्यक सुविधाओं का विकास और पुलिसकर्मियों के कार्यस्थल का वातावरण और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा।

बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कल्याण एवं आधुनिकीकरण डॉ. प्रशाखा माथुर, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप सहित बोर्ड सदस्य मौजूद रहे।

# प्रदेशभर में पुलिस की सख्त नाकाबंदी: 727 पॉइंट्स पर चला मेगा अभियान

## हजारों वाहनों की जांच, नियम तोड़ने वालों और संदिग्ध गतिविधियों पर कसा शिकंजा

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय स्तर पर लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार प्रदेशभर में गत सप्ताह 2 दिन विभिन्न पुलिस रेंजों में व्यापक स्तर पर विशेष नाकाबंदी अभियान संचालित किया गया, जिसके अंतर्गत हजारों वाहनों की जांच कर नियम उल्लंघनकर्ताओं एवं संदिग्ध गतिविधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की गई।

### 727 नाकाबंदी पॉइंट्स पर हुई सघन जांच

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था वी.के सिंह ने बताया कि गत सप्ताह पहले दिन बीकानेर, जोधपुर एवं जयपुर रेंज तथा दूसरे दिन भरतपुर, उदयपुर एवं कोटा रेंज में विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रदेशभर में कुल 727 नाकाबंदी पॉइंट स्थापित कर सघन जांच की गई। इस अवधि में 16 हजार 676 दुपहिया वाहनों तथा 18 हजार 795 चौपहिया वाहनों की सघन जांच कर कार्यवाही की गई।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई

एडीजी सिंह ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 262 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वहीं बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 1173 वाहन चालकों, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले 1213 चालकों तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात करने वाले 75 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान बनाए गए।

### नम्बर प्लेट और ब्लैक फिल्म वाले वाहनों पर कसा शिकंजा

अभियान के दौरान निर्धारित मानकों के विपरीत नम्बर प्लेट, अस्पष्ट नम्बर प्लेट अथवा ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध भी व्यापक कार्रवाई की गई। नम्बर प्लेट संबंधी नियमों के उल्लंघन के 857 प्रकरण तथा ब्लैक फिल्म लगे वाहनों के 739 प्रकरण दर्ज किए गए। वहीं अन्य मोटर वाहन अधिनियम उल्लंघनों में कुल 2856 प्रकरण दर्ज किए गए। इस प्रकार कुल 7185 एमवी एक्ट संबंधी कार्यवाहियां की गईं।

### जोधपुर और उदयपुर रेंज में सर्वाधिक कार्रवाई

रेंजवार कार्यवाही में जोधपुर रेंज में सर्वाधिक 1633 एमवी एक्ट प्रकरण दर्ज किए गए, जबकि उदयपुर रेंज में 1583 तथा जयपुर रेंज में 1094 प्रकरणों में कार्रवाई की गई। बीकानेर रेंज में 954, भरतपुर रेंज में 986 तथा कोटा रेंज में 935 प्रकरणों में कार्यवाही की गई।

### अवैध हथियार, शराब और बजरी परिवहन पर भी कार्रवाई, 150 गिरफ्तार

अभियान के दौरान कई गंभीर आपराधिक मामलों का भी खुलासा हुआ। विभिन्न रेंजों में अवैध हथियार, मादक पदार्थ एवं आबकारी अधिनियम से संबंधित प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान 106 बीएनएसएस में 8 वाहन सीज किए गए वहीं एक्साईज एक्ट में 53, आर्मस व एनडीपीएस एक्ट में 10-10 एफआईआर दर्ज की गई। इस अवधि में विभिन्न एफआईआर व प्रकरणों में 89 तथा 170 बीएनएसएस में 161 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कोटा रेंज में अवैध धारदार हथियार के 6 प्रकरण दर्ज किए गए और लगभग 200 लीटर देशी शराब जब्त की गई, इसी प्रकार कोटा रेंज में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 75 टन काली बजरीए 4 डम्पर, 4 ट्रैक्टर, 3 पिकअप एवं 3 ट्रेलर जब्त किए गए।

### आगे भी जारी रहेंगे विशेष अभियान

पुलिस महानिदेशक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के लिए इस प्रकार की सघन नाकाबंदी एवं विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखते हुए अपराधियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# विश्व हिंदू परिषद द्वारा परिंडा वितरण अभियान का शुभारम्भ

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा आज श्री गंगा गौशाला परिसर में पक्षियों की सेवा एवं जल संरक्षण के उद्देश्य से श्परिंडा वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संत माधव दास जी महाराज ने किया। अभियान के अंतर्गत 888 परिंडे वितरित कर लोगों को गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री सतीश झंवर ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों की सेवा सबसे महत्वपूर्ण सेवाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि पक्षी मूक जीव होते हैं, वे अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर पाते, इसलिए समाज का दायित्व है कि उनके लिए पानी एवं दाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि अपने घरोंए प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर प्रतिदिन उनमें स्वच्छ जल भरें। कार्यक्रम में संत माधव दास जी महाराज ने अपने प्रवचन में भारतीय सनातन संस्कृति में जीव सेवा के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति सदैव श्वसुधैव कुटुम्बकम और जीव दया का संदेश देती आई है। हमारे शास्त्रों में पशु-पक्षियों की सेवा को पुण्य एवं धर्म का कार्य माना गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना केवल सेवा नहीं, बल्कि प्रकृति एवं सृष्टि के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। महाराज श्री ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को जल की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार पक्षियों एवं अन्य जीवों को भी जीवन के लिए पानी चाहिए। उन्होंने युवाओं एवं मातृशक्ति से आग्रह किया कि वे अपने घरों की छतोंए आंगनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर नियमित रूप से उनमें स्वच्छ जल भरें। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति हमें केवल पूजा-पाठ ही नहीं, बल्कि हर जीव के प्रति करुणा और संवेदना का भाव भी सिखाती है। इस अवसर पर ललित पालीवाल, नारायण राठी, रेवत राम, तुलसीराम सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का वातावरण सेवाए संस्कार एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से ओत-प्रोत रहा।

# जेडीए की ऑनलाइन सेवाओं में बढ़ेगी पारदर्शिता

## अब आवेदकों को एसएसओ पर दिखेगी फाइल नोटिंग

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर विकास प्राधिकरण जेडीए ने आमजन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं नागरिक हितैषी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब जेडीए की विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित आवेदनों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा की गई नोटिंग आवेदकों को उनके एसएसओ आधारित जेडीए सेवाएं डैशबोर्ड पर दिखाई देगी। जेडीए द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार 1 जून 2026 से यह व्यवस्था लागू होगी। इसके अंतर्गत ई-पट्टा, फ्री होल्ड ई-पट्टा, नामांतरण, सबडिवीजन, रिकॉन्स्टिट्यूशन एवं वन टाइम लीज सर्टिफिकेट जैसी प्रमुख सेवाओं के आवेदनों पर की गई कार्रवाई एवं नोटिंग आवेदक ऑनलाइन देख सकेंगे। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने कहा कि यह पहल प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाने और आमजन को उनकी फाइल की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आवेदकों को अब यह स्पष्ट रूप से जानकारी मिल सकेगी कि उनके प्रकरण में किस स्तर पर क्या कार्रवाई की गई है तथा किन नियमों एवं प्रावधानों के आधार पर निर्णय लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे नोटिंग करते समय नियमों एवं प्रावधानों का स्पष्ट उल्लेख करें तथा भाषा को सरल, तथ्यात्मक एवं शिष्ट रखेंए जिससे आवेदकों को प्रक्रिया समझने में सुविधा हो। इस नई व्यवस्था से न केवल प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आएगी, बल्कि नागरिकों और प्रशासन के बीच विश्वास भी और अधिक मजबूत होगा।

# किशोर से मारपीट के विरोध में विप्र फाउंडेशन का प्रदर्शन



निसं

**नोखा (नवयत्न)।** हनुमानगढ़ जिले के भादरा कस्बे में 16 वर्षीय किशोर रजत शर्मा के साथ हुई कथित मारपीट की घटना को लेकर नोखा में विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने रोष जताया। बुधवार को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित किशोर को न्याय दिलाने तथा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि 8 मई को भादरा क्षेत्र के मलसीसर बस स्टैंड पर बस किराए को लेकर हुए विवाद के दौरान परिचालक और उसके साथियों द्वारा रजत शर्मा के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। घटना में गंभीर रूप से घायल रजत शर्मा का अस्पताल में उपचार चल रहा है और उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। विप्र फाउंडेशन ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि मामले में शामिल दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। संगठन ने पीड़ित किशोर के इलाज का संपूर्ण खर्च सरकार द्वारा वहन करने, परिवार को आर्थिक सहायता देने तथा सुरक्षा उपलब्ध करवाने की भी मांग रखी। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों और परिवहन व्यवस्था में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो संगठन आगे भी आंदोलन करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में विप्र फाउंडेशन नोखा संरक्षक भंवरलाल सुरावत, तहसील अध्यक्ष हीरालाल सारस्वत, बजरंग तावनिया, नारायण पंचारिया, माणक पंचारिया, पुखराज सांखी, अशोक पंचारिया, सागरमल गौड, सदीनदयाल उपाध्याय, मदनलाल जोशी, पवन गौड, सुरजाराम पंचारिया, मनोज पंचारिया, सुखदेव, मदन ओझा, अजय सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# निराश्रित गौवंश हटाने को नगर परिषद का विशेष अभियान

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** शहर में बढ़ती निराश्रित गोवंश की समस्या एवं उससे प्रभावित हो रही यातायात व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद सीकर द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना, आमजन को राहत प्रदान करना तथा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाना है। नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशन में परिषद की टीम द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों, व्यस्त मार्गों एवं विभिन्न वार्डों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गोवंश को सुरक्षित रूप से पकड़कर गौशालाओं एवं निर्धारित स्थलों पर भेजा जा रहा है ताकि आमजन को परेशानी से राहत मिल सके। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि कई बार पशु मालिक अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं एवं जाम जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे पशु मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई है कि वे अपने पशुओं को खुले में न छोड़ें। नियमों की अवहेलना करने वाले पशु मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में नगर परिषद का सहयोग करें तथा निराश्रित गोवंश की सूचना परिषद को उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग से ही शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाई जा सकती है। नगर परिषद द्वारा यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि शहरवासियों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# जिला कलक्टर का मनाया जन्मदिन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** जयपुर कलेक्टर संदेश नायक के जन्मदिन पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को भोजन वितरित किया गया।

बच्चों को शिक्षा सामग्री वितरित की गई। सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया बताया कि संदेश नायक ने सार्वजनिक जीवन में सुचिता और ईमानदारी से काम किया और नियमों के साथ कभी समझौता नहीं किया। गोपालपुरिया ने बताया कि इनका जीवन किसी के लिए आदर्श बन सकता है। बच्चों को पिछड़ापन और निराशा की भावना से विमुक्त होने में संदेश नायक लगातार दे रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल नवलगढ़ (झुन्झुनूं)

क्रमांकः न.पा.न./स्टोर/2026-27/884 दिनांक : 11.05.2026

**निविदा सूचना संख्या स्टोर 02/2026-27**

नगरपालिका नवलगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार संकर्मो के लिए राजकीय विभागों में पंजीकृत संक्षम श्रेणी के संवेदको से मोहरबन्द निविदाएं आमत्रित की जाती है। दिनांक 19.05.2026 प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त की जाकर दिनांक 19.05.2026 समय दोपहर 02.00 बजे तक नगरपालिका कार्यालय में जमा करवाई जा सकती हैं। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 19.05.2026 को दोपहर 03.00 बजे उपस्थित संवेदकों/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी। निविदा www.sppp.raj.nic.in पर download कर प्राप्त की जा सकती है। जिसके NIB CODE NO. DLB2627A1602 के UBN/Bid title DLB2627SSOB04242 है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानता राशि (रु. में) | निविदा शुल्क (रु. में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका क्षेत्र में पोस्टर, बैनर, फलैक्श, होर्डिंगस, प्रशस्ति पत्र, पट्टा बुक, रसीद बुक, नोट शीट, आकस्मिक व्यय बिल सप्लाई का कार्य | 9.90 | 19800 | 500 | 12 माह |

**निविदा शर्ते**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।
2. निविदा शुल्क एवं अमानता जमा करवाये जाने के उपरान्त ही निविदा प्रपत्र दिया जायेगा।
3. फर्म का राष्ट्रीय सुक्ष्म,लघु एवं मध्यम उघम का पंजीकरण होना अनिवार्य होगा।
4. पंजीयन प्रमाण पत्र/जी.एस.टी./पैन कार्ड संलग्न करने पर ही निविदा स्वीकृत की जावेगी।
5. संवेदक को श्रम अधिनियम एंव संनिर्माण कर्मकार अधिनियम एंव उपकर अधिनियम 1996 व इससे संबधित सभी नियमों की पालना करनी होगी।
6. निविदा प्राप्त तिथि को अवकाष होने पर आगामी कार्य दिवस माना जावेगा।
7. धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शाई गई कुल अनुमानित राशि की दो प्रतिशत होगी जो कि अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका नवलगढ़ के नाम से देय होगी। डीडी केवल संबंधित फर्म के नाम की ही मान्य होगी अन्य फर्म के नाम की डीडी मान्य नही होगी।
8. डीडी निविदा सूचना जारी होने के पश्चात की ही मान्य होगी।
9. 50/-रू. नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पर शपथ पत्र जो कि बार काउंसिल में पंजीबद्ध अधिवक्ता से प्रमाणित हो संलग्न करने पर ही निविदा प्रपत्र दिया जावेगा।
10. संवेदक के पास तीन माह का जीएसटी रिर्टन की सीए से प्रमाणित प्रति सलंग्न करनी होगी।
11. फर्म को किसी भी सरकारी कार्यालयो में सप्लाई देने हेतु 02 वर्ष का अनुभव सलंग्न करना होगा।
12. फर्म/संवेदक को गत 02 वितीय वर्षो का टर्नओवर 2.5 गुना देना होगा।
13. सक्षम कमेटी के पास निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका नवलगढ़**

राज.संवाद/सी/26/2653

## नाम परिवर्तन

मैं समीक्षा ओला पुत्री कुन्नी लाल ओला निवासी कुलोठ खुर्द तहसील सूरजगढ़ जिला झुंझुनू राज.। मेरी 10 वीं की अंकतालिका में पिता का नाम KUNI LAL OLA व माता का नाम MAHIMA दर्ज है जबकि सही नाम KUNNI LAL OLA एवं SARLA DEVI है भविष्य में इन्हें ही सही माना जावे व अंकतालिका में भी दुरुस्त करे।

## विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए समन

**(आदेश 5 नियम 1 और 5)**

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, झुन्झुनू (राज.)
वाद मंगलचंद वगै. बनाम दुर्गाप्रसाद वगै. दावा बाबत खाता विभाजन, स्थाई व्यादेश व घोषणार्थ
मु.नं. 166/2025,
प्रेषिती :-

1. शम्भूदयाल पुत्र स्व. श्री कानाराम, निवासी-आदर्श नगर, गुढ़ा मोड़, वार्ड नं 22, झुन्झुनू
2. महावीर पुत्र स्व. श्याना देवी, निवासी-नुआ, तहसील व जिला-झुन्झुनू,
3. सुशीला देवी पत्नी । स्व. श्री राधेश्याम पुत्र स्व. श्याना देवी
4. अमित पुत्र । जाति-जांगिड़,
5. सविता पुत्री । निवासीगण-नुआ,
6. सोनू पुत्री । तहसील व जिला-झुन्झुनू (राज.)
7. रघुवीर पुत्र स्व. श्री हीरालाल, निवासी-बिसनपुरा, तहसील व जिला-झुन्झुनू (राज.)
8. महेंद्र । पुत्रगण स्व. श्री श्योप्रसाद पुत्र स्व. श्री हीरालाल,
9. सांवरमल । निवासीगण आबुसर, तहसील व जिला-झुन्झुनू (राज.)
10. विधाधर । पुत्रगण स्व. श्री श्योप्रसाद, पटवार हल्का-बिशनपुरा,
11. उमेश । निवासी-बिसनपुरा, तहसील व जिला-झुन्झुनू (राज.)
12 मुन्नी देवी पत्नी । स्व. सुरेन्द्र पुत्र स्व. श्री श्योप्रसाद,
13. कुलदीप पुत्र । निवासीगण-बिसनपुरा,
14. विजयलक्ष्मी पुत्री । तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.)
15. केशरदेव पुत्र । स्व. मणी देवी पुत्री स्व. श्री हीरालाल
16. मंजू देवी पुत्री । निवासीगण सिरियासर
17. चंपा देवी । तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.)
18. सन्तोष पत्नी । स्व. विनोद पुत्र स्व. मणी देवी पुत्री स्व. हीरालाल
19. हरीश । निवासीगण - सिरियासर,
20. विनीत । तहसील व जिला-झुन्झुनू (राज.)
21. पूजा स्व.विनोद पुत्र स्व. मणी देवी, निवासी-सिरियासर, तहसील व जिला- झुन्झुनू (राज.)
22. शकुन्तला पत्नी श्यामलाल, निवासी-बिसनपुरा, तहसील व जिला-झुन्झुनू (राज.)
23. तहसीलदार झुन्झुनू (भूमिधारी) तहसील-झुन्झुनू, जिला-झुन्झुनू (राज.)

वादीगण मंगलचंद, कुरड़ाराम, गजाधर, हरफूल, रुकमणी पत्नी व पुत्रगण स्व. श्री रुकमानंद, मंजू देवी, मनोज, सज्जना देवी पुत्री व पुत्र स्व. श्री काशीराम पुत्र स्व. श्री रुकमानंद, जातिगण-जांगिड़ निवासीगण ग्राम-बिशनपुरा, तहसील व जिला झुन्झुनू (राज.) ने आपके विरुद्ध वाद खाता विभाजन, स्थाई व्यादेश व घोषणार्थ का संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में तारीख 05/06/26 को दिन के 10:00 बजे उक्त बाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिते सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो वाद से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उतर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह समन आज तारीख 392/13/05/26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
उपखण्ड अधिकारी झुन्झुनू (राज.)

## कार्यालय नगरपालिका मंडल, मंडावा (झुंझुनूं) राज.

क्रमांक :- 421 दिनांक :- 12/5/26

**आपति-सूचना**

एतद्ध द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति ने निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में स्वयं उपस्थित होकर मय प्रमाण के आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पर कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

| क्र.सं | नाम व्यक्ति | भूमि स्थल | भूमि क्षेत्रफल | भूमि की चतुर्थ सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अरूणा पत्नी श्री सुनिल कुमार | भूखण्ड संख्या 239 इन्दिरा कॉलोनी मण्डावा | 227.60 वर्गमीटर | उत्तर में - प्लॉट नं. 238<br>दक्षिण में - प्लॉट नं. 240<br>पूर्व में - रास्ता<br>पश्चिम में - प्लॉट नं. 212 |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डावा**

